

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 2 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-302 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 3 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## मोमोज की ऐसी लत कि खाली कर दी घर की तिजोरी

### किशोर ने फास्ट फूड के चक्कर 85 लाख के जेवर लुटाए

**देवरिया,2 फरवरी।** यूपी के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां मोमोज खिलाने का झांसा देकर युवकों ने वाराणसी के एक पुजारी के किशोर बेटे से 85 लाख रुपये के जेवरात की ठगी कर ली। जब परिजनों को इस बारे में पता चला तो उनके होश ही उड़ गए। पुजारी ने थाने में इसकी तहरीर दी। जिसे बाद पुलिस ने रविवार को पुलिस ने एक युवक और एक युवती को देर शाम हिरासत में ले लिया। वहीं, उनकी निशानदेही पर कुछ जेवरात भी बरामद कर लिए। ये मामला रामपुर कारखाना के भगवानपुर तिवारी गांव का है। यहां रहने वाले विमलेश मिश्र वाराणसी के एक मंदिर में पुजारी हैं। उनका नाबालिग बेटा गांव पर रहकर कक्षा सात में पढ़ाई करता है। कुछ दिनों से उसे मोमोज खाने की ऐसी लत लगी कि वह हर दिन देवरिया-कसया मार्ग पर डुमरी चौराहे



पर जाने लगा। वहां दुकान लगाने वाले तीन युवकों ने किशोर को अपने झांसे में ले लिया और कुछ लाने पर ही मोमोज देने की बात कही। इसके बाद किशोर घर में रखे जेवरात निकालकर धीरे-धीरे उन्हें लाकर देने लगा। बदले में वे उसे मोमोज खिलाते रहे। आलमारी में पुजारी की पत्नी और बहन के जेवरात थे। बहन जब जेवर मांगने लिए घर आई और रविवार की सुबह अलमारी खोली गई तो परिजनों के होश उड़ गए। आलमारी के लॉकर से सभी जेवर गायब थे। पुजारी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि जब बेटे से पूछताछ हुई तो उसने दुकानदारों को जेवरात देने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने एक युवक और एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। किशोर को ऐसी मोमोज की लत लगी कि पहले वह घर के रुपये से खरीदारी करता रहा। बाद में जेवर लाकर देने लगा। परिवार में किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं, कुछ ही दिनों में दुकानदारों के रहन-सहन में भी बदलाव दिखने लगा।

## चीन पर राहुल गांधी के दावे से लोकसभा में हंगामा

### राजनाथ सिंह ने कर दिया चैलेंज

**नई दिल्ली,2 फरवरी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयानपर लोकसभा में हंगामा मच गया है। उन्होंने सोमवार को पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे के नाम पर दावा करते हुए कहा कि डोकलाम में चीनी सेना के टैंक भारतीय सीमा के पास हैं। इसके लिए उन्होंने एक पुस्तक का हवाला देने की बात कही, लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें चैलेंज कर दिया। रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी को चुनौती दी और कहा कि आप बताएं कि आखिर यह पुस्तक प्रकाशित हुई भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी पुस्तक के आधार पर यहां बात नहीं की जा सकती, जो प्रकाशित ही नहीं हुई है। मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि यह पुस्तक पब्लिश हुई थी या नहीं। अमित मीडिया रिपोर्ट या फिर विषय से हटकर किसी पुस्तक का जिक्र नहीं किया था। गृह मंत्री ने कहा कि उनकी स्पीच में 2004 से 2014 तक राष्ट्रपति के अभिभाषणों पर बात की थी। उसमें ऐसा कुछ भी नहीं था, जो आपत्तिजनक था। राजनाथ सिंह और अमित शाह के ऐतराज के बाद भी राहुल गांधी ने अपना आक्रामक रुख बनाए रखा। उन्होंने कहा कि ये लोग तो आतंकवाद से लड़ने का दावा करते हैं, लेकिन एक कोट का जिक्र करने से डरते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आखिर इसमें ऐसा क्या लिखा है कि यह सरकार उसका जिक्र तक नहीं करने देना चाहती।

**अखिलेश यादव ने भी दिया दखल-बोलने देने से परेशानी क्या है?**-राहुल गांधी



शाह ने भी राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई।

राहुल गांधी ने दावा किया था कि वह मनोज नरवणे की पुस्तक के आधार पर यह बात कह रहे हैं। इस पर डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि मैं चुनौती देता हूं कि वह पुस्तक को प्रस्तुत कर दें। यदि कोई पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई है तो फिर उसके आधार पर ऐसे दावे कैसे किए जा सकते हैं। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि मैंने पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे के संस्मरणों का हवाला दिया है, जो प्रकाशित ही नहीं हुए हैं। इस पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या की स्पीच का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने भी इस सदन से बाहर के संदर्भों की बात की थी। इस पर होम मिनिस्टर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि तेजस्वी सूर्या ने किसी की स्पीच को लेकर बवाल बढ़ा तो अखिलेश यादव भी खड़े हुए। उन्होंने कहा कि चीन का मसला संवेदनशील है और उससे सावधान रहने की जरूरत है। डॉ. लोहिया भी ऐसा कहते थे और मुलायम सिंह यादव भी उसे लेकर चिंतित थे। ऐसे में नेता विपक्ष यदि चीन को लेकर कुछ कहना चाहते हैं तो उन्हें रोकना नहीं चाहिए। वहीं राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि किसी पुस्तक के प्रकाशन पर ही रोक लगी है तो फिर उसका जिक्र सदन में नहीं होना चाहिए। ऐसा करना गलत है और सदन की गरिमा के खिलाफ है। राहुल गांधी बार-बार इसी मसले पर बोलना चाहते थे, लेकिन सदन में लगातार हंगामा होता रहा और राजनाथ सिंह ने कई बार खड़े होकर ऐसी पुस्तक के जक्रि पर आपत्ति जताई, जो प्रकाशित ही नहीं हुई।

## दो पक्षों के झड़प मामले में दोषी लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई : साय

**रायपुर,2 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोरबा और अंबिकापुर दौरे के लिए रवाना हुए। दौरे को लेकर सीएम साय ने बताया कि कोरबा और अंबिकापुर में भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालयों का आज भूमिपूजन किया जाएगा। राजिम में दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महादेव सट्टा एप मामले पर मुख्यमंत्री साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि इस मामले में कोई शासकीय कर्मचारी भी संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।



**भाजपा अन्य दलों के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करती : किरण देव**-वहीं कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के बाद अब ट्रेनिंग को लेकर चल रही चर्चाओं पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के संगठन का विषय है और इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है। भाजपा अन्य दलों के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करती।

**एक सप्ताह के भीतर पूरा होगा संगठन का काम**-भाजपा संगठन को लेकर जानकारी देते हुए किरण देव सिंह ने कहा कि पार्टी की संरचना पूरी तरह सुव्यवस्थित है। प्रदेश स्तर की टीम बन चुकी है और जिला स्तर पर भी गठन पूरा हो चुका है। सभी संगठनात्मक कार्य भाजपा की रीति-नीति के अनुसार तेजी से प्रारंभ हुए हैं और एक सप्ताह के भीतर संगठन का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## भोरमदेव अभयारण्य में लौटी बाघों की 'दहाड़'

### कैमरों में कैद हुई बाघ-बाघिन की तस्वीरें

**कवर्धा,2 फरवरी।** वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक शानदार खबर सामने आई है. कबीरधाम जिले के भोरमदेव की सुरम्य पहाड़ियों और सघन जंगलों में एक बार फिर बाघों की दहाड़ गूंजने लगी है. वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघ-बाघिन और उनके शावकों की बेखौफ विचरण करती तस्वीरें कैद हुई हैं. यह इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि भोरमदेव अभयारण्य अब बाघों के लिए एक सुरक्षित और पसंदीदा ठिकाना बन चुका है.

वन मंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल के मुताबिक, वर्तमान में जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में चार से अधिक बाघ और बाघिन सक्रिय हैं. इनकी हलचल प्रभूझोल, चिल्फी, बेंदा, झलमला और भोरमदेव अभयारण्य के आंतरिक हिस्सों में दर्ज की गई है. विशेषज्ञों का मानना है कि मध्य प्रदेश के कान्हा नेशनल पार्क में बाघों की संख्या बढ़ने के कारण, बाघ अब शांत आवास की तलाश में भोरमदेव का रुख कर रहे हैं. खास बात यह है कि इस बार बाघिनें शावकों के साथ यहाँ लंबे समय से डेरा डाले हुए हैं, जो यहाँ के बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाता है.

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**-बाघों की मौजूदगी ने वन विभाग को अलर्ट मोड पर ला दिया है. प्रभूझोल से लेकर जामुनपानी मार्ग तक बाघों के पगमार्क (पैरों के निशान) मिले हैं. सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभाग ने उनकी सटीक लोकेशन को गोपनीय रखा है, हालांकि निगरानी के लिए गश्त बढ़ा दी गई है. जंगल में बाघों का शावकों के साथ शिकार करना यह संकेत देता है कि यहां वन्यजीवों के लिए भोजन और प्राकृतिक चक्र पूरी तरह संतुलित है.

**पर्यटकों के लिए खुशखबरी: अप्रैल-मई से शुरू होगी सफारी**-बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन विभाग अब भोरमदेव में जंगल सफारी शुरू करने की तैयारी में है. विभागीय सूत्रों के अनुसार, अप्रैल या मई के महीने से इसे आम पर्यटकों के लिए खोला जा सकता है. सफारी के संचालन का जिम्मा गुजरात की एक अनुभवी कंपनी को सौंपा गया है. पर्यटकों के लिए टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन उपलब्ध होगी.

## दुतकैंया गांव में कर्फ्यू जैसे हालात

### एफआईआर करवाने वालों से मारपीट के 3 आरोपी गिरफ्तार



राजिम,2 फरवरी। छत्तीसगढ़ के राजिम के दुतकैंया गांव में रविवार को उपद्रव हुआ. मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है. भीड़ ने घर-कार में आगजनी और घरों में घुसकर लोगों से मारपीट की, जिसके बाद स्थिति बिगड़ते देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया. इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात बन गए. इस बीच मौके पर एसपी और आईजी मौके पर पहुंचे. हिंसा भड़काने वाले तीन आरोपियों को रविवार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की पहचान की जा रही है. फिलहाल इलाके में सन्नाटा पसरा है. लोगों में गांव अभी भी भारी पुलिस मौजूद है. बाहरी लोगों के आवाजाही पर रोक लगा दी गई है. दरअसल, मामला साल 2024 के अप्रैल में गांव में स्थापित शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ा है. पुलिस ने आरोपी आरिफ खान को जेल भेज दिया था. हाल ही में वह जेल से छूटकर आया था. जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने चुन-चुनकर रास्ते से गुजर रहे युवकों पर प्रहार किया. सबसे पहले सब-स्टेशन में ड्यूटी कर रहे अरविंद साहू के सिर पर प्राणघातक हमला किया गया. हमले का सिलसिला यहीं नहीं रुका. राजिम मेला जा रहे नरेंद्र साहू के हाथ पर वार किया गया, जबकि रेखु यादव की भुजा पर हुए प्रहार से हड्डी फ्रेक्चर होने की आशंका है. इसके अलावा परमानंद साहू के साथ भी मारपीट की गई. आरोपियों ने गांव के तीन लोगों को करीब चार घंटे तक पीटा. बात गांब में फैली, तो ग्रामीणों का भी गुस्सा भड़क उठा. ग्रामीण आरोपियों के घर पहुंचे. तभी घर के अंदर से कुछ लोग भीड़ पर मिर्च का पाउडर फेंकने लगे. इससे लोग और भी ज्यादा भड़क उठे. इसी दौरान एक आरोपी के घर को आगे के हवाले कर दिया गया.

**हिंसा का राजिम मेला पर दिखा प्रभाव** -सांप्रदायिक हिंसा भड़कने के बाद राजिम मेले पर भी प्रभाव देखने को मिला. मेला समय पर बंद हुआ, लेकिन लोगों की संख्या कम नजर आई.

## तीन अंतर्राज्यीय तस्कर 34 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**बिलासपुर,2 फरवरी।** जिले के एसएसपी रजनेश सिंह (डीआईजी) की प्रहार पुलिसिंग ने शहर में नशे का कारोबार करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में दो लोकल तो वही एक पंजाब का निवासी है। पुलिस से मिले आंकड़ों के अनुसार जिलेभर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले 03 दिनों में एनडीपीएस एक्ट के 07 प्रकरणों में कार्रवाई कर 1300 नशीली टैबलेट, 400 एमएल एविल इंजेक्शन एवं 02 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया है। मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी पंकज कुमार पटेल और सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह ने बताया कि चकरभाठा पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर नशेड़ियों को बेचने घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर हिंर्री माइंस, तिलक नगर क्षेत्र में घेराबंदी कर तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे से कुल 34 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी करन दीप सिंह दूसरे राज्य से मादक पदार्थ लाकर मोहित हिंदूजा को देता था और अपने साथी आर. रजिंदर



के साथ मिलकर तीनों इसे ऊंचे दामों पर बेचते थे। जिला पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। हाल के दिनों में एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार प्रभावी कार्यवाही कर नशे के अवैध नेटवर्क पर सख्त प्रहार किया गया है। पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी स्थिति में पनपने नहीं दिया जाएगा तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### 2026-27 में खेल गतिविधि के लिए केंद्र सरकार ने किए 2615.90 रु. आबंटित

## जारी है भारत को विश्व खेल मंच में स्थापित करने की कोशिश

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद का जीवन में महत्व को आधुनिक युग में अधिक करीब से समझा जा रहा है। इसके लिए देश-विदेश में लगातार कोशिश की जा रही है जबकि मनुष्य अपनी जिंदगी में लंबे समय तक निरोग और फिट रह सके। भारत में आज करीब 145 करोड़ की आबादी में से 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या लगभग 28 से 38 करोड़ तक हो चुकी है। हमारे देश में उपलब्ध युवा मानव शक्ति में आने वाले समय में दुनिया में उथल-पुथल करने की क्षमता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक के अपने कार्यकाल में हमारे देश की खेल नीति में व्यापक परिवर्तन किया है। इसमें सबसे प्रमुख कार्यक्रम 2016-17 से जमीन से जुड़ी खेल प्रतिभाओं की खोजकर सामने लाने के लिए खेलों इंडिया की शुरुआत है। इसके लिए उन्होंने बजट में कभी भी कमी नहीं होने दी। खेलो इंडिया 2016-17 में 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया था जिसे अब 2026-27 के बजट में 924.35 करोड़ कर दिया गया है। खेलो इंडिया का नाम अब खेलो इंडिया मिशन कर दिया गया है। इस प्रकार 2036 को भारत के अहमदाबाद में ओलंपिक खेलों के आयोजन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षा के परिप्रेक्ष्य में बजट पर खिलाड़ियों की खोज, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पैरा गेम्स, विश्वविद्यालय गेम्स, विंटर गेम्स, बीच गेम्स, ट्राइबल गेम्स आदि प्रतियोगिताओं के



आयोजन, प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण प्रशिक्षक अत्याधुनिक जिम, अत्याधुनिक खेल सामग्री तथा जरूरत के अनुसार विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के दौरान खेल चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, डायटिशियन, ट्रेनर तथा अन्य सहायक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है जससे हमारे देश के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में विपक्षी खिलाड़ियों को बराबरी का टक्कर दे सके। 2026-27 के बजट में खेलो इंडिया को मिशन का रूप दिया गया है। अगले 10 सालों में खेल क्षेत्र में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, रोजगार और कौशल पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। केंद्र सरकार खेल मंत्रालय द्वारा भारत में खेलो के चहुंमुखी विकास के लिए 2014-1 वित्तय वर्ष में 1259 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था जबकि 2026-27 में खेलों के लिए 2615.90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार हम पाते हैं कि 2014-15 के पश्चात् भारत में खेलकूद के विकास के लिए एक निश्चित उद्देश्य के साथ प्रयास किया गया है। जिसका परिणाम हमें देखने को मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा 2036 के ओलंपिक खेलों में अधिक से अधिक पदक हासिल करने वाले एथलीट तैयार किये जा सकेंगे। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ भारत विश्व मंच में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। इसमें बच्चों, किशोरों, युवाओं तथा अभिभावकों को आगे आना होगा तभी इती बड़ी राशि खर्च किए जाने की सार्थकता सिद्ध होगी।

## आईटीएमएस कैमरे से ही कटेंगे ई-चालान

**रायपुर,2 फरवरी।** पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने आईटीएमएस कंट्रोल रूम एंड कमांड सेंटर का कामकाज देखा. उन्होंने खराब कैमरों को शीघ्र सुधारने समेत कई निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा वसूली के आरोपों से बचने के लिए आईटीएमएस के कैमरों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से केवल ई चालान ही जारी किए जाएं. वाहन मालिक को मोबाइल और वाट्सएप के जरिये इसकी सूचना भी अनिवार्य रूप से भेजी जाए. ई-चालान की जुर्माना राशि का भुगतान नहीं करने पर परिवहन संबंधी सेवाएं बाधित की जाएंगी और 90 दिन बाद कोर्ट में मामले अनिवार्य रूप से पेश किए जाएं. कोर्ट में केस पेश करने से पहले वाहन मालिक को नोटिस भी भेजी जाए.

**लाइसेंस नवीनीकरण के साथ बीमा समेत कई और काम रूकेंगे:** डॉ. शुक्ला ने निर्देश दिए कि परिवहन विभाग से समन्वय बनाकर ई-चालान तैयार कराएं और वाहन एवं वाहन स्वामी का लायसेंस नवीनीकरण, परमिट, फिटनेस, नामांतरण एवं अन्य सेवाओं के साथ-साथ बीमा व प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के अद्यतन सिस्टम को भी रोका जाए. ई-चालान की राशि का भुगतान उपरांत ही सेवाएं प्रारंभ की जाए. पुलिस कमिश्नर से कहा कि इससे ई-चालान की जुर्माना राशि के भुगतान प्रतिशत में वृद्धि होगी. साथ ही वाहन स्वामी ई-चालान के अहमियत को समझेगा और ट्रैफिक नियमों का पालन करेगा.

**नशे व नो एंट्री उल्लंघन पर कोर्ट में पेश होगा चालान**-पुलिस कमिश्नर ने कहा कि नशा कर वाहन चलाने वाले के विरुद्ध मौके पर एल्कोमीटर से जांच कर तथा नो एंट्री का चालान तैयार कर न्यायालय भेजें. निरीक्षण के दौरान एसीपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह व सतीश ठाकुर, ट्रैफिक मुख्यालय प्रभारी टीकेलाल भोई सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे.

# संसद में प्रस्तुत बजट विश्वास, विकास और भविष्य की मजबूत नींव है जो हर भारतीय के उज्ज्वल कल का आधार बनेगा : भावना बोहरा


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,2 फरवरी।** लोकसभा सदन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने लगातार नौवीं बार संसद में विकसित भारत बजट प्रस्तुत किया, जो विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में केंद्रित बजट है। बजट का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था में स्थिरता, दीर्घकालिक विकास, रोज़गार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करना है। इस वर्ष का यह बजट तीन प्रमुख आधार स्तंभों पर केन्द्रित रहा जिसमें अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में सुदृढ़ता बनाए रखकर आर्थिक विकास में तेजी लाना और उसे बनाए रखना, हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं का विकास तथा सार्थक भागीदारी के साथ प्रत्येक परिवार, समुदाय, धर्म और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने इस बजट का स्वागत करते हुए इसे समावेशी विकास, आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि यह बजट किसान, गरीब, महिला, युवा, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश «विकसित भारत» के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह बजट विकास को गति देने, आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने और नए अवसरों के सृजन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला है। विश्वास, विकास और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला यह बजट हर भारतीय के उज्ज्वल कल का आधार बनेगा।

## जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट: सांसद संतोष पांडेय



**कवर्धा,2 फरवरी (तछसं.)।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह बजट कर्ज को नियंत्रित रखते हुए विकास के लिए आर्थिक संसाधन सुरक्षित रखता है। भारत का विकास अब अभूतपूर्व गति और अनुशासित खर्चे से हो रहा है। स्केल-अप, इक्विपमेंट, मटेरियल्स, फुल-स्टैक आईपी, स्किल सेंटर्स, नेक्स्ट-जेन मैन्युफैक्चरिंग और हाई-वैल्यू इंजीनियरिंग को करियर सुरक्षित रहेगा। किसी भी तकनीकी क्षेत्र में भारत, दुनिया में किसी देश से पीछे नहीं रहेगा। हमारी टेक्नॉलॉजी स्वदेशी और वर्ल्ड क्लास होगी। छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशन योजना के तहत राजनांदगांव, डोंगरगढ़, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित राज्य के 32 स्टेशनों के कायाकल्प का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में और गति पकड़ेगा। इसी प्रकार किसानों के लिए भारत-विस्तार नामक बहुभाषी एआई टूल लॉन्च किया गया है, जो छत्तीसगढ़ी और अन्य स्थानीय भाषाओं में कृषि संबंधी सलाह देगा। राज्य की ग्राम पंचायतों में यूपीआई और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आधारभूत अधोसंरचना विकास पर सरकार के छ: गुना वृद्धि किये जाने का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिलेगा। सांसद पाण्डेय ने कहा कि ये विकसित भारत का बजट है, बजट से नए रास्ते खुलेंगे, यह जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है।

## समाचार संक्षेप

### बजट विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम: हर्षा लोकमनी



**उतई, 2 फरवरी (तछसं.)।** भाजपा जिला दुर्ग की उपाध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि देश की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को 9वी बार ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने पर बधाई साथ ही यह बजट आमजन, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यमवर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह बजट देश को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। किसानों के लिए चलाई गई योजनाएँ, युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए गए प्रावधान सराहनीय हैं।श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि बजट आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मजबूत करता है तथा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश देता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट से विकास को नई रफ्तार मिलेगी और जनता का जीवन स्तर बेहतर होगा। सरकार के इस दूरदर्शी और जनहितैषी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### एकता समाज की सबसे बड़ी पूंजी है-लोकमनी



**उतई, 2 फरवरी (तछसं.)।** चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय चंद्राकर समाज उपक्षेत्र जामगांव एम की सामाजिक बैठक ग्राम सांकरा में आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत समाज के महापुरुषों की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि चंद्राकर समाज की प्रगति, एकता और पारदर्शिता के लिए आज समय की सबसे बड़ी मांग है कि समाज संगठित होकर सामूहिक रूप से कार्य करे। समाज तभी सशक्त बन सकता है जब उसके प्रत्येक सदस्य की भागीदारी, जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो। समाज में विभिन्न स्तरों पर हो रहे कार्यों, योजनाओं एवं संसाधनों के उपयोग को लेकर सामाजिक अंकेक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। सामाजिक अंकेक्षण से समाज के भीतर विश्वास बढ़ेगा, भ्रांतियाँ दूर होंगी और योग्य व्यक्तियों को आगे आने का अवसर मिलेगा। इससे समाज की आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दिशा को सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा।आज आवश्यकता है कि समाज के वरिष्ठ, युवा, महिलाएं एवं बुद्धिजीवी वर्ग मिलकर एक सशक्त संगठनात्मक ढांचा तैयार करें, जिसमें निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी हो और समाजहित सर्वोपरि रखा जाए। एकजुटता के अभाव में समाज कमजोर होता है, जबकि संगठन और अनुशासन से समाज नई ऊँचाइयों को छू सकता है।

### व्यापारियों की बजट पर प्रतिक्रिया अलग अलग



**कवर्धा, 2 फरवरी (तछसं.)।** भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर और बिजनेसमैन लक्की चंद्रवंशी ने केंद्रीय बजट को बताया बिना बिजन के बजट पेश किया गया है ।

बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी ने कहा की बजट ठीक ठाक है ओर बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की केंद्रीय बजट में कुछ खास नहीं है ।

### केंद्रीय बजट-2026 बहुत ही निराशाजनके:कन्हैया अग्रवाल



**कवर्धा, 2 फरवरी (तछसं.)।** केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए पूर्व क्रेडा सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कन्हैया अग्रवाल ने कहा की युवाओ , किसानों , महिलाओं के हितों पर बजट में ध्यान नहीं दिया गया है । युवाओं को रोजगार मिले जिस पर बजट में कोई नीति भी नहीं दिख रही है । कृषि पर भी बजट में कुछ ध्यान नहीं दिया गया है । बजट बहुत निराशाजनक है ।

### 20 लाख की चोरी,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 2 फरवरी (तछसं.)।** पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के एक घर में हुई 20 लाख रुपए के जेवरातों की चोरी का पुलिस ने एक अनोखे तरीके से पर्दाफाश किया है इस मामले में सबसे अहम सुराग सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक फोटो साबित हुई एक नौकरानी ने चोरी की साड़ी-गहने पहनकर फोटो स्टेटस में पोस्ट की इस से पुलिस को सुराग मिला नौकरानी व चोरी के गहने खरीदने वाला ज्वेलर्स संचालक भी गिरफ्तार हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ( ग्रामीण ) एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि प्रार्थी राहुल जैन निवासी एचआईजी 157, मिनी क्रिकेट स्टेडियम के सामने पद्मनाभपुर, दुर्ग ने अपने घर से कीमती आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट थाना पद्मनाभपुर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 331(4), 305(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के साथ-साथ सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखी। जांच के दौरान पुलिस को एक फोटो मिली। उसमें संदिग्ध महिला साड़ी और आभूषणों पहने दिखाई दी। जब आभूषणों का मिलान किया गया तो वे चोरी गए जेवरों से मेल खाते पाए गए इसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली। आरोपी की पहचान कविता देशलहरे (36 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा थाना नेवई के रूप में हुई है जांच में पता चला कि आरोपी महिला राहुल जैन के घर में काम करती थी और घर की परिस्थितियों से परिचित थी। विश्वास का फायदा उठाकर उसने करीब 20 लाख के आभूषण चुरा लिए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हीरे जड़ी सोने की चैन, दो मंगलसूत्र, एक नेकलेस, दो जोड़ी झुमके, चांदी का करधन, बड़ी और छोटी पायल तथा दो बिछिया बरामद कर की है। वहीं इस मामले में चोरी के आभूषण खरीदने/छिपाने के आरोप में ज्वेलर्स संचालक रमेश सोनी (53 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा को भी गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### रेलवे यार्ड से सेफ्टी फेंसिंग की चोरी



**भिलाई, 2 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई चोर गिरोह रेलवे की संपत्ति को निशाना बना रहे हैं ताजा मामला भिलाई के रेलवे यार्ड से सामने आया है यहां रेलवे यार्ड में रखे 40 लाख रुपये की सेफ्टी फेंसिंग की चोरी हुई है निजी कंपनी परेशान दर्ज नहीं हो रहा केस रेलवे में निर्माण करने वाली निजी कंपनी ने आरोप लगाया है कि रेलवे यार्ड से 40 लाख रुपये की सेफ्टी फेंसिंग की चोरी हुई है चोरी के बाद अब तक इस मामले में जीआरपी,आरपीएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक अपराध दर्ज नहीं किया गया है अपराध दर्ज करने के लिए निजी कंपनी पिछले 2 महीने से दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है जानिए कहां की गई है सेफ्टी फेंसिंग दुर्ग से बिलासपुर तक रेलवे ट्रैक के दोनों ओर 272 किलोमीटर की सेफ्टी फेंसिंग लगाने का कार्य रेलवे ने एक निजी कंपनी को दिया है. जिससे 130 किलोमीटर की स्पीड से ट्रेनों का परिचालन सुचारू रूप से चल सके. लोहे और एल्यूमीनियम से बना यह मटेरियल भिलाई तीन के रेलवे यार्ड में सुरक्षित रखा गया था इस बीच नवंबर महीने में अज्ञात चोरों ने 40 लाख रुपए से ज्यादा का मटेरियल चोरी कर लिया कोई नहीं सुन रहा ठेका कंपनी की शिकायत घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी भी घटना के कुछ पहले से बंद थी जिसकी वजह से चोरों का फुटेज कैद नहीं हो पाया अब ठेका कंपनी जब इस मामले में अपराध दर्ज कराना चाह रही है तो उनकी शिकायत को कोई नहीं सुन रहा है आरपीएफ और जीआरपी और जिला पुलिस इस मामले को अपने अपने क्षेत्र से बाहर होना बता रहे हैं रेलवे ठेका कंपनी विमल पुरोहित जीएम ने बताया कि पिछले दो महीने से अब तक किसी भी तरह की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है ना ही अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई है. जिसके कारण सेफ्टी फेसिंग का कार्य धीमा हो गया है इस मामले में सुरक्षा प्रबंधन को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं. अब देखना होगा कि इस मामले में कौन अपराध दर्ज करता है।

### 16 थानों में अभियान चलाकर 69 मामले दर्ज



**भिलाई, 2 फरवरी (तछसं.)।** दुर्ग जिले के 19 थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने 69 प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए अवैध शराब बेचने, परिवहन, संग्रहण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई जिस में थाना खुर्सीपार 5, कुम्हारी 3, जामुल 5, छावनी 5, नेवई 2, वैशाली नगर 6, भिलाई नगर 1, सुपेला 6, दुर्ग 4, मोहन नगर 4, नंदनी 1, धमधा 4, पाटन 4, अमलेश्वर 2, रानीतराई 2, पुलगांव 4, अंजोरा 3, पद्मनाभपुर 3, उतई 5 शामिल है। पुलिस ने अभियान में थाना प्रभारियों, विवेचना और पेट्रोलिंग कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही है ।

### मतांतरण के मामले में 2 गिरफ्तार



**भिलाई, 2 फरवरी (तछसं.)।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत आर्थिक सहायता, इलाज और बीमारी दूर करने के नाम पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम एवं बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है पुरनी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि श्रीमती रूखमणी पाण्डेय (36 साल ), निवासी पदमनगर चरोदा, वार्ड क्रमांक 19, पुरानी भिलाई ने 1 फरवरी 2026 को थाना पुरानी भिलाई में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया प्रार्थिया घरेलू कार्य एवं खाना बनाने का कार्य करती है प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी को दो अज्ञात महिलाएं उनके घर आई थी इन्होंने ईसाई धर्म अपनाने पर बीमारी ठीक होने और आर्थिक सहायता मिलने का प्रलोभन दिया प्रार्थिया ने असहमति जताने पर दोनों महिलाएं चली गई थी इस के बाद 1 फरवरी को वही महिलाएं दोबारा प्रार्थिया के घर पहुंची और ईसाई धर्म अपनाने, बाइबिल पढ़ने, आर्थिक सहायता, इलाज एवं बेटी की शादी में सहयोग देने का प्रलोभन दिय।

## श्रवणयंत्र से मिलने से बदली माखन निर्मलकर की दुनिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 फरवरी।** कवर्धा के वार्ड नंबर 2 में रहने वाले माखन निर्मलकर के लिए साल 2025 का अंत एक नई उम्मीद लेकर आया। लंबे समय से कम सुनाई देने के कारण उनका जीवन जैसे थम सा गया था, लेकिन शासन की एक पहल ने सब कुछ बदल दिया। 31 दिसंबर 2025 को समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा माखन निर्मलकर को श्रवण-यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण-यंत्र मिलने से उनकी सुनने की क्षमता में काफी सुधार हुआ है। अब वे साफ़-साफ़ बातें सुन पा रहे हैं और लोगों से आसानी से संवाद कर रहे हैं। निर्मलकर बताते है कि वे लंबे समय से सुनने में परेशानी का सामना कर रहे थे। इस कारण उन्हें लोगों से बात करने, रोजमर्रा के काम करने और सामाजिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब श्रवण-यंत्र मिलने के बाद आत्मविश्वास बढ़ा है। अब अपने दैनिक कार्य स्वयं कर पा रहे हैं और समाज से फिर से जुड़ गए हैं। पहले जहां वे खुद को अलग-थलग महसूस करते थे, वहीं अब वे सामान्य जीवन जी पा रहे हैं। माखन निर्मलकर ने शासन और समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि अब उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूती मिली है। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को श्रवण-यंत्र जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है। इससे दिव्यांगजनों को सम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद मिल रही है।

### शबे बराअत पर शुरू होगा इबादत का सिलसिला

**भिलाई, 2 फरवरी।** शबे बराअत के पावन अवसर पर 3 फरवरी को शहर का मुस्लिम समाज मस्जिदों, घरों एवं कब्रिस्तानों में विशेष इबादत करेगा। दुआओं का यह सिलसिला मंगलवार सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक जारी रहेगा। इस मौके पर कब्रिस्तान हैदरगंज इंतजामिया कमेटी कैम्प-1 की ओर से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

प्रमुख मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। कब्रिस्तान हैदरगंज के हॉल में रविवार सुबह 7-30 बजे से कुरआन ख्वानी एवं दरूद ख्वानी का सिलसिला प्रारंभ होगा।

इसके बाद सुबह 10 बजे फातिहाख्वानी एवं इज्तेमाई दुआ का आयोजन किया जाएगा। शाम को जलसे की शुरुआत तकरीर एवं नात से होगी। वहीं रात करीब 9-30 बजे इमाम-ए-आज़म अबू हनीफा कॉन्फ्रेंस एवं महफिल-ए-शबे बराअत का आयोजन किया जाएगा।

### असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मिलेगा पीएम श्रम योगी मानधन योजना का लाभ

**भिलाई, 2 फरवरी।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात मासिक पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 2 से 14 फरवरी तक नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित श्रमिकों का पंजीयन किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। असंगठित श्रमिक जैसे– फेरीवाले, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू श्रमिक, कचरा बीनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हथकरघा श्रमिक, धोबी, चमड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिक, अंतर्जिला श्रमिक तथा इस प्रकार के लगभग 125 व्यवसायों में कार्यरत वे श्रमिक जिनकी मासिक आय 15,000 से कम है।

## केंद्रीय बजट-2026 युवाओं के भविष्य का बजट:मनीष पाण्डेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 फरवरी।** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक बताते हुए श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मनीष पाण्डेय ने इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार यह बजट युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें नए अवसर देने वाला है। पाण्डेय ने कहा कि बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास तथा शिक्षा से रोजगार तक की कड़ी को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। शिक्षा से रोजगार कमेटी का गठन युवाओं को शिक्षा के बाद उद्योग जगत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में भी बजट ने नई ऊर्जा भरी है। युवा एवं खेल मंत्रालय का बजट बढ़ाकर 45,000 रु करोड़ से अधिक कर दिया गया है, जिससे खेलो इंडिया जैसी योजनाओं को और मजबूती मिलेगी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विस्तार होगा और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व सुविधाएं मिलेंगी। पाण्डेय ने कहा कि यह बजट युवाओं और खिलाड़ियों को सशक्त बनाने वाला है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के युवाओं को नई दिशा देने वाला और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने वाला सर्वसमावेशी बजट है।

## बिजली विभाग ने मनाया छत्तीसगढ़ का रजत उत्सव




**भिलाई, 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर श्रीमती अलका बाघमार रहीं। उनके साथ निगम सभापति श्याम शर्मा एवं विभिन्न वार्डों के पार्षद गण उपस्थित रहे। विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता एस. मनोज, कार्यपालन अभियंता एस. के. महादुले, टी. एन. बंछोर एवं आर. के. दानी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वहीं ऊर्जा संरक्षण और समय पर भुगतान को बढ़ावा देने हेतु घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि, बीपीएल तथा पीएम सूर्य घर योजना के चयनित उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्था में महाशिवरात्रि परिवर्तन मास का शुभारंभ




**भिलाई, 2 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 90वें वर्ष में प्रवेश होने के उपलक्ष्य में सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में वसंत ऋतु के आगमन पर महाशिवरात्रि पर्व (शिवजयंती उत्सव) के साथ महाशिवरात्रि परिवर्तन मास का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि यह समय विश्व परिवर्तन, स्वयं के परिवर्तन और संस्कारों के परिवर्तन का है। पुरानी दुनिया बदलकर नई दुनिया का आगमन होने वाला है और हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने संस्कारों को सात्विक, दैवीय और पवित्र बनाएं। नई दुनिया अर्थात वह संपूर्ण पावन विश्व, जहां एक राज्य, एक धर्म और एक भाषा थी। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व तक सभी भाई-बहन आत्म-चिंतन द्वारा अपनी कमियों और कमजोरियों को पहचान कर उन्हें भोलेनाथ शिव परमात्मा को अर्पित करेंगे। परिवर्तन का महत्व सही समय पर स्वयं को बदलने में है। उन्होंने कहा कि दूसरों को बदलने की बजाय पहले स्वयं के अवगुणों को देखने की प्रवृत्ति को बदलना होगा। हमें दोष नहीं, बल्कि दूसरों की विशेषताएं देखनी चाहिए। सोचो और करो, देखो नहीं, यह जीवन का श्रेष्ठ मंत्र है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन कर शिव ध्वज फहराया गया और महाशिवरात्रि परिवर्तन मास की औपचारिक शुरुआत की गई। सभी ब्रह्मा वत्स अपने आत्म-परिवर्तन और स्व-उन्नति का चार्ट भरकर अपनी कमियों और कमजोरियों को महाशिवरात्रि के दिन परमात्मा शिव भोलेनाथ को अर्पण करेंगे।

## जोन आयुक्त ने उद्यान एवं वाटर एटीएम का लिया जायजा



**भिलाई, 2 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-5 अंतर्गत विभिन्न उद्यानों एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने पार्षद उमेश साहू तथा जोन टीम के साथ किया। निरीक्षण के दौरान उद्यानों की साफ-सफाई, सिंचाई एवं नियमित संधारण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने सेक्टर-7 सड़क-37 स्थित उद्यान का निरीक्षण कर चल रहे सफाई कार्य का अवलोकन किया तथा अन्य आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सड़क-22 मैदान के समीप स्थित उद्यान का निरीक्षण कर समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर चर्चा की गई। उद्यानों में झाड़ियों की नियमित कटाई-छंटाई तथा पाथवे सहित अन्य आवश्यक संधारण कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सड़क-26 एवं मार्केट के समीप नागरिकों के पेयजल हेतु पार्षद निधि से स्थापित वाटर एटीएम का भी निरीक्षण किया गया, जो वर्तमान में सुचारू रूप से चालू पाया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, स्वच्छता निरीक्षक सूर्या, वेंकट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी में मोबाइल व नशे की लत पर चिंता

**भिलाई, 2 फरवरी।** साक्षरता मित्र मंच द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बच्चों के मानसिक, शैक्षिक एवं शारीरिक विकास पर चर्चा की गयी। वरिष्ठ साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य पुस्तकों के निर्माण के लिए मान्य छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों का सहयोग लेना चाहिए। पूर्व शिक्षक सुनील मिश्रा ने प्रिपरेटरी एवं नर्सरी शिक्षकों के लिए बेहतर



प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने तथा शीघ्र प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने पर जोर दिया। शिक्षाविद डॉ. डी. एन. शर्मा ने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए विशेष योग्यताधारी महिला शिक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें समुचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों से 3 से 5 वर्ष के बच्चों को पढ़ाना उनके मनोविज्ञान के दृष्टिकोण से उचित नहीं है, इसलिए इस स्तर की शिक्षा का नियोजन गंभीरता से किया जाना चाहिए। पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शुक्ला ने बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे उनके व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्रीति अजय बेहरा ने बच्चों के नशे की गिरफ्त में आने पर चिंता जताई तो शिक्षिका रत्ना साहू ने पालक-जागरूकता लाने पर बल दिया, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता शरद शर्मा ने शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने की बात कही। सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र चंद्रवंशी ने बाल श्रम के कारण बच्चों के स्कूल छोड़ने पर चिंता जताई। साहित्यकार ऋषि गजपाल, कमलेश्वर साहू, पूर्व प्राचार्य ए. एन. द्विवेदी, प्रेमलता मढ़रिया एवं श्रीमती साजिदा कुरैशी ने भी अपने विचार साझा किए।

# बीएनबी हाईस्कूल मैदान में संगीत के साथ पूरा तिल्दा नेवरा हुआ राममय




**तिल्दा नेवरा 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एक फरवरी से सात फरवरी तक शुरु राम कथा का आज दूसरा दिन है भव्य कलश यात्रा के साथ संगीत मय राम कथा में पहले दिन ही अच्छी भीड़ भक्तों की कथा स्थल पर पहुंची थी नीलाम्बुज श्यामल कोमलांगं सीता समारोपित वामभागम पाणौ महासाय कचारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम बी.एन.बी स्कूल मैदान, तिल्दा में स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फॉउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा में सहभागिता की एवं कथा वाचक मानस विदुषी देवी चन्द्रकला जी के मुखारविंद से दिव्य कथा श्रवण करने नगर सहित ग्रामीण अंचल से उपस्थित हुए। इस अवसर पर बलौदा बाजार विधायक कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा पुष्प राज वर्मा परिवार सहित कथा में सम्मिलित हो कर सभी भक्तों का अभिवादन किया।साथ ही प्रतिदिन 22जोड़े से आरती भी हो रही है। कथा सात फरवरी तक होगी।



## एक नजर

### सीज़ीटेट में जिले के 6520 अभ्यर्थी हुए शामिल,500 रहे अनुपस्थित



**बलौदाबाजार, 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 1 फ़रवरी को आयोजित छत्तीसगढ़ टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट में जिले के 6520 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में 500 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर ने बताया कि प्रथम पाली में 9 एवं द्वितीय पाली में 14 केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली प्राथमिक शिक्षक हेतु प्रातः 9:30 से अपरान्ह 12:15 बजे सम्पन्न हुई जिसमें 2708 पंजीयन के विरुद्ध 2484 उपस्थित एवं 224 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली मिडिल स्कूल हेतु अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5:45 बजे तक आयोजित परीक्षा में 4312 अभ्यर्थी पंजीयन के विरुद्ध 4036 उपस्थित एवं 276 अनुपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित संत समागम समारोह में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा,खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल एवं पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह भी थे। उनके आगमन पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हेलीपेड़ पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, एस डीएम अतुल शेट्टे सहित, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय बजट-2026 विकास और विश्वास का बजट : अमित चौधरी

**रायपुर 2 फरवरी।** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेता अमित चौधरी ने इसे देश के समग्र विकास का बजट बताया है।



उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के रोजगार, आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की दिशा में एक ठोस कदम है। अमित चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट देश को विकास के नए आयाम देगा। वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश भी इससे तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने बजट में किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को दी गई प्राथमिकता की सराहना की। उनके अनुसार आयकर में राहत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश तथा रोजगार सृजन से अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। अमित चौधरी ने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को मजबूत करता है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने इस जनहितकारी बजट का स्वागत किया है।

### निधन

#### राधाबाई साहू

**नगरी।** श्रीमती राधाबाई साहू (80 वर्ष) का निधन हो गया। वे श्री ज्वाला प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष नगर व्यवस्था समिति, नगरी की माताजी थीं। उनके निधन से साहू समाज में शोक की लहर है। समाजजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



### पाँच दिवसीय मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# माघ पूर्णिमा पर कर्णेश्वर के संगम में हजारों लोगों ने किया पुण्य स्नान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी। 2 फरवरी।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर कर्णेस्वर धाम एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और परंपरा का जीवंत केंद्र बन गया। कर्णेस्वर मेला महोत्सव के दौरान महानदी और बालका नदी के पवित्र संगम पर हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान कर धर्म लाभ अर्जित किया। शनिवार की मध्य रात्रि से ही दूर-दराज़ अंचलों से आए ग्रामीणजन, साधु-संत और देवी-देवताओं के उपासक अपने-अपने देव विग्रहों के साथ संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाते नजर आए। यह सिलसिला रविवार दिनभर चलता रहा।

स्नान पश्चात श्रद्धालुओं ने कर्णेस्वर महादेव, राम-जानकी सहित मंदिर परिसर में विराजित विभिन्न देवी-देवताओं के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुरूप मेला क्षेत्र में पधारे देवी-देवताओं को कर्णेस्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मड़ई हेतु सुपारी-चावल भेंट कर आमंत्रित किया गया।

शनिवार की संध्या संगम स्नान घाट में प्रथम दीपदान के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। कर्णेस्वर महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पाँच दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। गढ़डोंगरी के मांझी परिवार द्वारा खम्बेस्वरी माता में ध्वजा चढ़ाई गई। मंदिर परिसर स्थित सभी मंदिरों में विशेष पूजा संपन्न हुई। टिकरी वाली के पुजारी द्वारा सेवा-पूजा संपन्न कराई गई।



**सामाजिक सहभागिता की सुंदर मिसाल भी इस अवसर पर देखने को मिली:** सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा जी को स्मरण किया, कुम्हार समाज ने भगवान विष्णु की पूजा की, निषाद समाज ने राम-सीता व निषादराज की आराधना की तथा पटेल समाज ने माता शाकम्भरी की पूजा-अर्चना की। समाजसेवी रामाराव बघेल द्वारा संगम घाट के समीप श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया।

रात्रिकालीन कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति लोक प्रयाग राजिम ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लोक संस्कृति और भक्ति का अनूठा संगम देर रात तक चलता रहा।

सोमवार को देव मड़ई का आयोजन होगा, जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर क्षेत्र से देवी-देवता, आंगा-देव अपने पूरे पारंपरिक स्वरूप में उपस्थित होकर मेला परिक्रमा करेंगे। श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु रात्रि में रंग झरोखा के अंतर्गत दुष्यंत हरमुख कृत छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कर्णेस्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर पूरी चाक-चौबंद तैयारी की गई थी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या उल्लेखनीय रही।

इस आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक कैलास पवार, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह-सचिव दय मोहन पुजारी, राम भरोसा साहू, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस सहित पूर्व विधायक पिंकी शाह, नागेन्द्र शुक्ला, शिव कुमार परिहार, ललित शर्मा, कमल डागा, राम प्रसाद मरकाम, गगन नाहटा, नोहर साहू, छबि ठाकुर, रामलाल नेताम, मोहन पुजारी, योगेश साहू, अमर सिंह पटेल, अंजोर निषाद, रवि भट्ट, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति, प्रकाश सार्वा, राकेश चौबे, हनी कश्यप, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, बंटी जैन, होरीलाल पटेल, के.आर. बोरघरिया, टेस्वर ध्रुव, मदन साहू, संतु साहू, डोमार मिश्रा, मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कर्णेस्वर मेला महोत्सव एक बार फिर आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का भव्य प्रतीक बनकर उभरा।

## माघ पूर्णिमा पर दामाखेड़ा में आस्था,भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 2 फरवरी।** माघ पूर्णिमा के पावन एवं पुण्य अवसर पर छत्तीसगढ़ के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित विश्वविख्यात सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब स्मृति संत समागम (माघ मेला) में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूज्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब एवं पूज्य पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी नाम साहब के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा , कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल , पूर्व सांसद अभिषेक सिंह , विधायक ईश्वर साहू , भावना बोहरा सहित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं अनेक जनप्रतिनिधि, उपस्थित रहे।



**नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा:** कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, प्रेम, सद्भाव और सत्य के मार्ग पर समाज को आगे बढ़ाने वाला आध्यात्मिक महापर्व है। संतों की वाणी और आशीर्वाद से समाज को नई दिशा मिलती है। इस पावन अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को साहेब बंदगी एवं माघ मेले की हार्दिक शुभकामनाएँ।

## आकांक्षी ब्लॉक अंबागढ़ चौकी में नीति आयोग संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

**मोहला 2 फरवरी।** जिले के आकांक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ बुधवार 28 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्री अनिल मानिकपुरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री पुनऊ राम फूलकंवर एवं जिला अध्यक्ष श्री दिलीप वर्मा के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा निकाली गई संपूर्णता रैली से की गई। इसके पश्चात आकांक्षी विकासखंड नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला द्वारा अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषक आहार, पशुधन विकास विभाग द्वारा गौवंश का टीकाकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त अभियान, तथा शिक्षा विभाग द्वारा बालिका शौचालय जैसे प्रमुख विषयों पर विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने लक्ष्य एवं योजनाओं की जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि एवं नोडल अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संपूर्णता मशाल सौंपकर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु संकल्प दिलाया गया। इसके बाद संपूर्णता शपथ ली गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया। अभियान के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अतिथियों एवं अधिकारियों ने सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर किए तथा अंत में संपूर्णता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसडीएम एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. हेमेंद्र भूआर्य ने बताया कि नीति आयोग द्वारा संचालित यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत अंबागढ़ चौकी आकांक्षी विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से जुड़े 6 प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन संकेतकों में आईसीडीएस अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की मापन दक्षता, कार्यरत आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में शौचालय सुविधा, तथा खुरपका-मुंहपका रोग के विरुद्ध गौवंशीय पशुओं का टीकाकरण शामिल है। संपूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से अंबागढ़ चौकी ब्लॉक में समग्र एवं सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## कत्ता और चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाला युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 01.02.2026 को धारदार कत्ता चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 01.02.2026 को समाधान सेल में सूचना मिला की एक आरोपी द्वारा ग्राम रिकोकला में धारदार कत्ता चाकू लहराकर अपने परिवार के सदस्यों को डराया धमकाया जा रहा है। की सूचना पर थाना राजादेवरी पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी मुकेश अवस्थी को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक धारदार कत्ता चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में अपराध क्र. 11/2026 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट:मूलचंद

**रायपुर 2 फरवरी।** प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा मूलचंद लोधी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत सर्वहारा वर्ग के लिए बने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट पूर्ण रूप से किसान, गांव और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है। इस बजट में किसानों की आय बढ़ाने, खेती को आधुनिक बनाने और कृषि से जुड़े हर वर्ग को लाभ पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिनसे खेती करना आसान होगा और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपाय और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने से गांव की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। लोधी ने कहा कि यह बजट किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसान देश की रीढ़ है और उसकी समृद्धि ही देश की समृद्धि है। किसानों को सस्ती दरों पर ऋण, कृषि उपकरणों पर सहायता, और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे निर्णय सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य केवल फसल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। अंत में मूलचंद लोधी ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह बजट किसानों के सपनों को साकार करने वाला है और ग्रामीण भारत को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

## गार्डन चौक बलौदाबाजार में ऊधम मचाने वाले कचरू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 2 फरवरी।** विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं वायरल वीडियो के आधार पर पता चला कि एक आरोपी द्वारा शराब पीकर गार्डन चौक बलौदाबाजार में रात्रि के समय बीच सड़क पर आने जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा था। आरोपी की इस हरकत से सड़क मार्ग में आने जाने वालों वाहनों के आवागमन भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। कि सूचना पर एवं वायरल वीडियो के आधार पर दिख रहे आरोपी पर कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में वीडियो में दिख रहे आरोपी की पहचान करते हुए आरोपी योगेश दास मानिकपुरी उर्फ कचरू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शराब के नशे में गार्डन चौक बलौदाबाजार में उक्त हरकत करना स्वीकार किया गया। विदित हो कि आरोपी कचरू शराबी प्रवृत्ति का है तथा शराब के नशे में वह शहर में इधर-उधर घूमता रहता है। कि आरोपी के विरुद्ध धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी- योगेश दास मानिकपुरी उर्फ कचरू उम्र 50 वर्ष निवासी भाठागांव बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।



### संत समागम समारोह की राशि 50 लाख से बढाकर 75 लाख करने की घोषणा

# छत्तीसगढ़ विकसित प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर:सीएम साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब, पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहब को चादर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने संत समागम समारोह की की राशि 50 लाख से बढाकर 75 लाख करने की घोषणा की।

समारोह में पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहब ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष माघ मेला के प्रथम दिन बसंत पंचमी के अवसर पर कबीर पंथ के नये संवाहक 16 वें वंशाचार्य पंथीश्री उदित मुनि नाम साहेब का चादर तिलक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया की इस वर्ष देश के विभिन्न प्रांतो के साथ ही विदेशो से भी कबीरपंथी संत समागम मेला में आये हैं। समारोह को शासन - प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला है।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय माघ पूर्णिमा की शुभकामनायें देते हुए कहा कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा का संत समागम समारोह हर साल भव्य होते जा रहा है जो लोगों में बढ़ते आस्था का प्रतीक है।कबीरपंथ का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव है।इसलिए यहां के लोग शांतिप्रिय है और छत्तीसगढ़ विकसित प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वे बचपन से ही कबीर पंथ से परिचित है और उनके गांव बगिया में भी 8-10 कबीर पंथी परिवार है। उन्होंने दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर करने के सम्बन्ध में बताया कि राजपत्र में प्रकाशन हेतु अंतिम प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छतीसगढ़ के विकास की बाधा नक्सलवाद जल्द ही जड से समाप्त होने वाला है।31 मार्च 2026 तक प्रदेश से समूल नष्ट होगा।हमने जनता से किया वायदा को तेजी से पूरा किया है। डबल इंजन की सरकार का फायदा लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बहुत आगे ले जाना है और विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा करना है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि पंथ श्री उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक अद्भुत और अलौकिक रहा। पंथ श्री ने वृक्षारोपण, समाज सेवा, नशामुक्ति एवं युवा उत्थान के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। आज के कार्यक्रम में पंथ श्री का दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कबीर आश्रम के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर हमेशा चिंतित रहते है और शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते है।कार्यक्रम को खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, विधायक इंद्र साव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर पंथश्री उदित मुनि नाम साहब,गुरूगोसांई भानुप्रताप साहब,विधायक भावना बोहरा, ईश्वर साहु, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता सहित सदगुरू

कबीर धर्मदास साहेब वंशावली प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधिगण, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कबीरपंथी उपस्थित थे।

# देवेंद्र ने अपनी सरकार सुरक्षित कर ली

देश में ज्यादातर राजनीतिक दलों की कोशिश तो यही रहती है कि सत्ता के साथ रहा जाए ताकि पार्टी एकजुट व मजबूत रहे। पार्टी का जनाधार विकास कार्य होने से बना रहे। विकास कार्य सरकार के साथ ही रहने पर होते हैं और पार्टी आर्थिक रूप से भी मजबूत बनी रहती है।दूसरी तरफ सरकार यदि किसी राजनीतिक दल या दलों के समर्थन से बनी होती है तो सरकार की भी यही कोशिश होती है कि उनकी सरकार सुरक्षित रहे, इसके लिए प्रयास तो यही किया जाता है कि सरकार का समर्थन करने वाले राजनीतिक दल सरकार का समर्थन करते रहे। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार शिंद गुट व अजित पवार गुट के समर्थन से सत्ता में है। सत्ता में बने रहने के लिए दोनों का समर्थन जरूरी है। तीनों ने मिलकर चुनाव लड़ा है, इसलिए जनादेश तीनों को यही मिला भी है कि वह साथ में मजबूत सरकार बनाए और महाराष्ट्र की जनता की सेवा करें। हाल ही में नगरीय निकाय चुनाव में महायुति के दलों के बीच कुछ मतभेद सामने आए थे। सब खुद को अपने क्षेत्र में मजबूत बनाए रखना चाहते थे इसलिए कई जगह महायुति के प्रत्याशी भी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़े लेकिन इसके रिजल्ट से साफ हो गया है कि महाराष्ट्र में सबसे मजबूत राजनीतिक दल को भाजपा ही है क्योंकि नगरीय चुनाव में उसे सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। इससे महायुति के चाहे शिंदे गुट हो या अजित पवार गुट दोनों की सीटें कम आने से यह साफ हो गया था कि वह भाजपा के साथ रहेंगे तो उनको राजनीतिक फायदा होगा यदि वह भाजपा से साथ नहीं रहेंगे तो राजनीतिक नुकसान होगा। दोनों दल महायुति के साथ बने रहते हैं तो सरकार सुरक्षित रहती है यानी दोनों दल सरकार के खिलाफ इसलिए नहीं जा सकते कि उससे दूसरे गुट का महत्व सरकार में बढ़ जाता है। यानी महायुति के दोनों दल राज्य में पावर संतुलन के लिए जरूरी थे। एक भी महायुति से अलग होता है तो सरकार के लिए दूसरे गुट की बात मानना मजबूरी हो जाती इसलिए देवेंद्र चाहते थे कि दोनों दलों को सरकार के साथ बनाए रखा जाए ताकि दोनों का महत्व सरकार में बराबर रहे और कोई भी गुट सरकार को किसी भी मामले में ब्लैकमेल न कर सके। हाल ही में प्लेन हादसे में सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के निधन से सरकार के सामने समस्या जरूर पैदा हो गई थी कि सरकार को सुरक्षित कैसे रखा जाए क्योंकि अजित पवार का निधन जहां राज्य की राजनीति के लिए नुकसान था वहीं वह परिवार की नजर से देखा जाए तो पवार परिवार का भी नुकसान था। अजित पवार के निधन से सरकार के भविष्य को लेकर सवाल उठे तो परिवार जो राजनीतिक रूप से बंटा हुआ था, उसके एक होने के सवाल भी चर्चा में रहे। अजित पवार के निधन के बाद पवार परिवार में सबसे बड़े शरद पवार ही हैं, इसलिए माना जा रहा था कि जो शरद पवार चाहेंगे वही होगा। यानी शरद पवार चाहते हैं कि परिवार फिर से राजनीतिक रूप से एक हो जाए, दोनों गुट एक हो जाएँ। शरद पवार ने बयान देकर ऐसा कहा भी कि अजित पवार आखिरी दिनों में चाहते थे कि एनसीपी के दोनों गुट एक हो जाएं। ऐसा होता तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक रूप से शरद पवार का राजनीतिक महत्व राज्य के साथ केंद्र में बढ़ जाता और वह केंद्र से कुछ सौदेबाजी कर सकते थे। ऐसा होता तो राज्य व केंद्र की राजनीति में अजित पवार के परिवार का महत्व कम हो जाता। यानी फिर शरद पवार जो चाहते वही होता, अजित पवार गुट जो चाहता वह नहीं होता। यही वजह है अजित पवार के गुट के नेताओं व परिवार को लगा होगा कि उनका फायदा तो सरकार के साथ में रहने है क्योंकि इससे परिवार व पार्टी के नेताओं को सत्ता में हिस्सेदारी बनी रहेगी। अजित पवार की पत्नी डिप्टी सीएम बनी रहेंगी और उनके पुत्र को उनकी जगह राज्यसभा भेजा जा सकेगा। यही वजह है कि अजित परिवार व पार्टी के लोगों ने सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाने की मांग की और भाजपा सरकार के लिए इससे मानना कोई बड़ी बात नहीं थी क्योंकि यह पद को पहले से अजित पवार के पास ही था। सुनेत्रा पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ले ली है और साफ कर दिया है कि उनका पार्टी व परिवार पहले भी सरकार के साथ था और आगे भी सरकार के साथ ही रहेगा। इससे स्वाभाविक है कि महाराष्ट्र के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार को बुरा लगा होगा,यही वजह है कि उन्होंने बयान के जरिए यह जताने की कोशिश की है कि सुनेत्रा ने जो किया वैसा अजित पवार नहीं चाहते थे।

## बजट

# विकसित भारत की उड़ान: बजट 2026 के आर्थिक संकल्प

**ललित गर्ग**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज़ गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं।

पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दर्शाता है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है। पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है।

विकास की दृष्टि से यह बजट 'इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशन' का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है। यदि इसे पिछले बजटों से जोड़कर देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि सरकार अब बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन मानकर लगातार गति दे रही है।

ग्रामीण भारत के संदर्भ में यह बजट विशेष उल्लेख के योग्य है। कृषि, ग्रामीण अवसंरचना, सिंचाई, किसान कल्याण और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े प्रावधान यह संकेत देते हैं कि गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की मंशा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है। मेडिकल सुविधाओं, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता सुधरने की संभावना बढ़ती है। यह आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना को साकार करता है जिसमें गांव मजबूत होंगे तो देश स्वतः मजबूत होगा।

नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संदर्भ में भी बजट का दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से व्यापक है। महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विशेष प्रावधान यह दर्शाते हैं कि महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। गरीबों और वंचित वर्गों के लिए लक्षित योजनाएं इस बजट को सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी संतुलित बनाती हैं। समीक्षात्मक रूप से देखा जाए तो यह बजट कल्याण और विकास के बीच संतुलन साधने का प्रयास करता है, जो किसी भी दीर्घकालिक आर्थिक नीति की अनिवार्य शर्त है।

युवाओं के लिए यह बजट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। स्टार्टअप, नवाचार, स्किल इंडिया, रोजगार सृजन और नई तकनीकों में निवेश युवाओं की आकांक्षाओं को संबोधित करता है। यदि इसे आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के संदर्भ में देखा जाए तो यह भी स्पष्ट होता है कि बजट में क्षेत्रीय संतुलन और राजनीतिक यथार्थ का भी ध्यान रखा गया है। हालांकि आलोचक इसे चुनावी बजट कह सकते हैं, लेकिन विवेचनात्मक दृष्टि से यह कहना अधिक उचित होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में बजट का जन-आकांक्षाओं से जुड़ा होना स्वाभाविक है, बशर्ते वह दीर्घकालिक विकास को बाधित न करे। इस बजट में दीर्घकालिक दृष्टि और तात्कालिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन दिखाई देता है।

समीक्षात्मक रूप से यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी बजट की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। संसाधनों की उपलब्धता, राज्यों के साथ समन्वय और पारदर्शी प्रशासन इस बजट की वास्तविक परीक्षा होंगे। फिर भी, तुलनात्मक दृष्टि से यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव प्रतीत होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत के विकास की ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। यह वर्तमान की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य की संभावनाओं के लिए रास्ता तैयार करता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना, ग्रामीण विकास, नारी शक्ति और युवाओं को केंद्र में रखकर यह बजट 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक सशक्त कदम है। यदि इसे निरंतर सुधार, जवाबदेही और समावेशी क्रियान्वयन का साथ मिला, तो यह बजट इतिहास में केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव के रूप में याद किया जाएगा।

## सू- दोकू क्र.304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य - 304


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगा। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे, तो आप अपने काम में बढिय़ा परफॉर्म करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। बच्चे आज घर की साफ-सफाई में माता जी की मदद करेंगे। आज ऑफिस में काम ज्यादा होने से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि लायेगा। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, तो सब सही रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा। आप कुछ योजना को गोपनीय रखें, नहीं तो उसका फायदा और उठा सकता है। जिद में आकर आप काम न करें। आज आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन :राशि आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में आपका विश्वास बढ़ेगा। दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे, इससे आपके पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। आज सहकर्मी आपसे सीखने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आज आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण परिवारजन प्रसन्न रहेंगे। अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है। लेनदेन के मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे। आज बड़ी उपलब्धि मिलने से आप उत्साहित होंगे। किसी तकनीकी समस्या के कारण आज आपका महत्वपूर्ण काम रुक सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन और घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आपके ऊपर कार्यों का अत्यधिक भार रहेगा। आज कुछ ऐसे खर्चे भी होने वाले हैं जो न चाहते हुए भी आपको करने होंगे। साथ ही आज पैतृक संपत्ति से आपको लाभ मिलने वाला है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज आपको अपनों की सलाह बहुत काम आएगी। आप सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी के प्रलोभन में ना आएं, नहीं तो वह आपका फायदा उठा सकता है।

तुला राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। पहले का रुका पैसा आज मिल जाएगा। आत्मचिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज किसी की मध्यस्थता से हल होगा। आपका यदि भूमि व वाहन से संबंधित मामला कोर्ट में चल रहा है, तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से यदि निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा। समाज में आप अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे। आपके बढ़ते खर्च आपको थोडा परेशान कर सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें, मेहनत जरी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है। आप वरिष्ठ सदस्यों का आदर व सम्मान करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीद करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। आप अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों को हैरान करेंगे। निजी जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को लेकर कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। नौकरीपेशा लोग कार्यभार कम होने से राहत की सांस लेंगे। विद्यार्थियों को इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता हाथ लगेगी। आज आपके दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढऩे का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग ईर्ष्या के कारण आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं। व्यवसाय की योजना शुरू करने का सही समय है। बहुत दिनों बाद आपको अपने मित्र से मिलने का मौका मिलेगा। यदि आपने किसी को उधार दिया है, तो वह

## आम बजट 2026

# आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट

**प्रमोद भार्गव**



नए आम बजट से उम्मीद की जा रही थी कि यह आयकर की सारिणी में छूट और पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लोकलुभावन बजट होगा।लेकिन यह बजट इसके विपरीत आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट है।जिसके स्थाई और रोजगार देने वाले परिणाम आने में थोड़ा समय लगेगा।इस बजट की उम्मीदों में तमाम आर्थिक उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की बुनयाद रख दी है।इस समय भारत उद्योग,प्रौद्योगिकी और दवाओं के कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है, किंतु यह बजट कालांतर में चीन को चुनौती बनने वाला है। क्योंकि इस बजट में दुर्लभ खनिजों के उत्खनन को बढ़ावा देने के द्वार खोले जा रहे हैं। अमेरिका की निगाहें वेनेजुएला के तेल,डेनमार्क के ग्रीनफील्ड और आर्कटिक के दुर्लभ खनिजों पर टिकी हैं।चीन और रूस आर्कटिक क्षेत्र में खनिज उत्खनन में लग गए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खनिज के साथ कृषि भी है। अतएव ईयू से जो संधि हुई है, उसके तहत भारत को स्टील, एल्युमिनियम, सीमेंट, पेपर, ग्लास,तेल रिफाइनरी और खाद के निर्यात का लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खनन और उसका उपयोग देश के लोगों के लिए हो, इस नजरिए से दुर्लभ खनिजों के उत्खनन के लिए बजट में ओडिशा, केरल और आंध्रप्रदेश के बीच गलियारा बनाए जाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।इसके अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्ग भी बनाए जाएंगे।साथ ही वस्त्र,खेलकूद सामग्री,जैविक दवाओं,कंटेनर,इलेक्ट्रॉनिक्स, के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है।रसायन पार्क विकसित होंगे।सेमीकंडक्टर मिशन दो की शुरुआत की जाएगी।चूंकि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के उपाय निरंतर कर रही है, इस हेतु सेमीकंडक्टर की उपलब्धता जरूरी है।इस दृष्टि से यह उत्पादन और निर्माण के ढांचागत विकास को स्थापित करने का महाबजट है।दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा हेतु संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लीथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई है। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा किया हुआ है।हालांकि ईयू से समझौते के बाद दुर्लभ खनिजों के आयात-निर्यात का दायरा विस्तृत हो गया है।भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी शर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। इस बजट से इस व्यापार को मजबूती मिलेगी। ओडिशा, केरल,आंध्र,राजस्थान,जम्मू-कश्मीर और मध्यप्रदेश की धरती के गर्भ में खनिजों का खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेरकरार हैं।लेकिन पर्यावरणीय अड़चनों के कारण पूंजीनिवेश से बचते हैं। लेकिन अब माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पारित हो जाने से उद्योगपति निवेश के लिए आगे आएंगे। मध्यप्रदेश की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में चूने के भंडार हैं। शडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं।मध्यप्रदेश में ईंधन खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है।

इसके अलावा बजट में जैविक औषधीय दवाओं के उत्पादन के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है।बायोफार्मा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक हब बनाया जाएगा।सरकार आयुर्वेद दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देगी।इन दवाओं का निर्माण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ये रोग को जड़ से दूर करती हैं।सात द्रुत गति के रेल गलियारे बनेंगे।पटना और वाराणसी में जहाजों की मरम्मत के कारखाने खुलेंगे।छोटे नगरों में तीर्थस्थल विकसित होंगे।इस उपाय से छोटे नगरों में धार्मिक पर्यटन बढेगा।इससे स्थानीय लोगों को धर्म संबंधी रोजगार मिलेंगे।एक जिला,एक उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया गया है।साफ है यह बजट अन्य आम बजटों से एकदम अलग है।इसमें मतदाता को लुभाने और आयकरदाताओं को संतुष्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है।यह युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए उद्योग केंद्रित बजट है,जिसके स्थाई और फलदायी परिणाम धीमी गति से आएंगे।जो देश की अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती देंगे, बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे।

# देसी ड्रिंक से नसों में जमा LDL Fat होगा बाहर

आज के समय में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी आम हो गई है। इस बीमारी के पीछे कम फिजिकल एक्टिविटी, गलत खानपान और अधिक स्ट्रेस लेने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। जिसका सीधा असर ब्लड सर्कुलेशन, दिल और लिवर पर पड़ता है। आजकल के समय में खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है। मोटापे से लेकर डायबिटीज और हार्ट डिजीज के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं आज के समय में हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी आम हो गई है। इस बीमारी के पीछे कम फिजिकल एक्टिविटी, गलत खानपान और अधिक स्ट्रेस लेने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है।

जिसका सीधा असर ब्लड सर्कुलेशन, दिल और लिवर पर पड़ता है। अगर आप समय रहते इस पर ध्यान नहीं देते हैं, तो आपके लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। वहीं आप इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए एक देसी ड्रिंक का सेवन कर सकते हैं, जो LDL की छुट्टी कर सकता है।

**ऐसे बनाएं ये ड्रिंक**

गुनगुना पानी- एक लीटर

दालचीनी का टुकड़ा- एक इंच

नींबू- आधा कटा हुआ


अदरक- दो स्लाइस

इन सभी चीजों को मिक्स करके रोजाना सुबह खाली पेट पिएं।

**दालचीनी का काम**

बैड कॉलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए दालचीनी काफी सहायक होती है। यह बॉडी में फैट मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाती है और खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने का काम करती है। रोजाना इसका सेवन करने से आपका दिल हेल्दी रहता है।

**नींबू का काम**=लिवर हेल्थ के लिए नींबू अच्छा होता है। लिवर ही बॉडी में कोलेस्ट्रॉल



को प्रोसेस करता है। ऐसे में अगर आप नींबू पानी का सेवन करती हैं, तो लिवर एक्टिव रहता है। इसके सेवन से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट और बैड कोलेस्ट्रॉल आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

**अदरक का रोल**-अदरक ब्लड सर्कुलेशन को सुधारने में मदद करता है। अगर ब्लड फ्लो सही रहता है, तो कोलेस्ट्रॉल के जमने की संभावना काफी कम हो जाती है। वहीं अदरक आपके डाइजेशन को भी बेहतर बनाता है।

**गुनगुने पानी के फायदे**-अगर आप रोज गुनगुना पानी पीती हैं, तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम को एक्टिव रखता है। रोजाना सुबह गुनगुना पानी पीने से डाइजेशन बेहतर होता है और फैट नहीं जमा हो पाता है। ऐसे में जब आपका डाइजेशन बेहतर होगा, तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल में रखने में आसानी होगी।

**पीने का सही तरीका**-बता दें कि इस ड्रिंक को आप एक बार में भी पी सकते हैं। या फिर चाहें, तो दिनभर में थोड़ा-थोड़ा सिप लें। इसको लगातार एक से डेढ़ महीने तक के लिए पिया जा सकता है।

## एक नजर

### 31 मार्च 26 तक नक्सलवाद से मुक्ति के संकल्प के साथ सुरक्षाबल निर्णायक अभियान के अंतिम चरण में उतरे



**जगदलपुर, 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग के सघन जंगलों से लेकर नक्सलवाद प्रभावित अन्य राज्यों तक नक्सलवाद के खात्में की उलटी गिनती अब आखिरी दौर में पहुंच रही है, देश को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प की घड़ी सामने है। वहीं सुरक्षाबल खुफ्यिा सूचनाओं पर आधारित निर्णायक अभियानों के अंतिम चरण में उतर चुके हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भागवत कथा व श्रीहरिनाम संकीर्तन में हुए शामिल



**जगदलपुर, 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ग्राम पंचायत आड़ावाल में आयोजित भागवत कथा एवं बंगीय समाज में अष्ट प्रहरी श्रीहरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने ग्राम पंचायत आड़ावाल के दुर्गा मंडप में आयोजित भागवत कथा में शामिल होकर भागवत कथा का श्रवण किया साथ ही बंगीय समाज में आयोजित श्रीहरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर पूजा अर्चना की । बंगीय समाज में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर पूजा अर्चना किया साथ ही समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों से भेंट मुलाकात कर उनसे चर्चा किया। इस दौरान महापौर संजय पांडे, संग्राम सिंह, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया,सुब्रतो विश्वास,व अन्य उपस्थित थे।

### दंतेश्वरी मंदिर में चोरी के आरोपियों तक नही पंहुच सकी पुलिस



**जगदलपुर, 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में चोरों के हौसल बुलंद हैं। बीते ग्यरह दिनों में हुई अनेक चोरी की घटनाओं में दंतेश्वरी मंदिर में लाखों के जेवरात पार होने के बाद डिमरापाल मेकॉज के चिकित्सक कालोनी में 5 डॉक्टरों के घर का ताला तोड़कर एवं सनसिटी में चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की है। लेकिन पुलिस चोरी के आरोपियों तक नही पंहुच सकी है। पुलिस का दावा है कि इन मामलों में अहम सुराग मिले हैं। ओडिशा के चोर गिरोह का तार इससे जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने दंतेश्वरी मंदिर में हुई चोरी व शहर की चोरियों के मामलों को जल्द सुलझाने का दावा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लगातार चोरी की घटनाओं के बाद एसपी के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई है। जिसमें कोतवाली सहित परपा, बोधघाट, करपावंड थानों से युवा अधिकारियों को शामिल किया गया है। पूर्व में क्राइम स्क्वाड में रहे अधिकारियों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। पुलिस टीमों ने ओडिशा के आधे दर्जन ठिकानों पर दबिश दी है। सूत्र बता रहे हैं कि ओडिशा के गिरोह का इन चोरियों के पीछे हाथ है। एक-दो दिनों में पुलिस इन घटनाओं में शामिल आरोपितों की गिरफ्तार कर सकती है।

# कृत्रिम पैर मिलने के बाद अर्जुन लाल साहू अब बिना सहारे चल पा रहे

- शासन की संवेदनशीलता के चलते आवेदन करने पर मिला कृत्रिम पैर
- समाज कल्याण की पहल से दिव्यांग श्री अर्जुन लाल साहू को मिली नई राह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 2 फरवरी।** समाज कल्याण की पहल से दिव्यांग श्री अर्जुन लाल साहू को मिली नई राह। समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाएँ आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसका सशक्त उदाहरण कुरुद तहसील के ग्राम बकली निवासी 60 प्रतिशत अस्थि बाधित श्री अर्जुन लाल साहू (पिता श्री लखन लाल साहू) की जीवन यात्रा है, जिन्हें राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र, माना कैंप रायपुर द्वारा निशुल्क आधुनिक कृत्रिम पैर प्रदान किया गया।

श्री साहू लंबे समय से शारीरिक अक्षमता के कारण चलने-फिरने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। इससे न केवल उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था, बल्कि आजीविका और सामाजिक सहभागिता में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जब उनका पंजीयन राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र में कराया गया, तो विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनीशियनों द्वारा उनका समुचित परीक्षण किया गया। अत्याधुनिक तकनीक से उनके पैर का सटीक माप लेकर, उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम पैर का निर्माण किया गया।

कृत्रिम पैर प्राप्त करने के बाद श्री साहू के जीवन में नई उम्मीद की किरण जगी है। अब वे बिना सहारे चल पाने में सक्षम हो रहे हैं और आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायक उपकरण उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि सम्मान और स्वावलंबन की पुनर्प्राप्ति है।

माना कैंप रायपुर स्थित राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केंद्र राज्य के दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। यहां कृत्रिम अंग निर्माण, फिजियोथेरेपी, परामर्श एवं पुनर्वास जैसी सुविधाएँ निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। श्री अर्जुन लाल साहू की यह कहानी शासन की संवेदनशीलता, योजनाओं की प्रभावशीलता और प्रशासनिक समन्वय की सफलता को दर्शाती है। यह न केवल अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा है, बल्कि समाज के लिए भी संदेश है कि सही सहयोग और संसाधनों से हर व्यक्ति आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सकता है।



### तेंदूपत्ता उद्योग को संजीवनी-बजट में टीसीएस घटकर 2 प्रतिशत, व्यापार और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा

# वन उत्पादों के व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण-आदिवासी अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : कश्यप

**रायपुर, 2 फरवरी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट में तेंदूपत्ता उद्योग से जुड़े लाखों लोगों के हित में एक ऐतिहासिक और राहतपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरकार ने तेंदूपत्ता व्यापार पर लगने वाली टीसीएस की दर को 5 प्रतिशत से घटाकर मात्र 2 प्रतिशत कर दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के सम्बन्ध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि इस निर्णय से तेंदूपत्ता संग्राहकों, प्राथमिक सहकारी समितियों, लघु व्यापारियों और वन आधारित आजीविका से जुड़े परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। दर घटने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी और वन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने इस जन-हितकारी फैसले के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह निर्णय दर्शाता है कि केंद्र सरकार देश के वनवासी, आदिवासी और श्रम आधारित उद्योगों की आर्थिक मजबूती को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है।

वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि तेंदूपत्ता उद्योग को इस फैसले से भरपूर लाभ मिलेगा। टीसीएस दर कम होने से तेंदूपत्ता व्यापार से जुड़े लोगों के हाथ में अधिक नकद राशि रहेगी, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी मजबूत होगी। इसका सीधा लाभ तेन्दूपत्ता संग्राहकों मिलेगा। इसके साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े आदिवासी और वनवासी परिवारों को अब कम कर कटौती का सामना करना पड़ेगा, जिससे उन्हें उनके श्रम का पूरा मूल्य मिल सकेगा।



वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि पहले 5 प्रतिशत टीसीएस छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा आर्थिक बोझ था। अब 2 प्रतिशत टीसीएस होने से व्यापार करना आसान और व्यावहारिक होगा। साथ ही कई संग्राहक और छोटे व्यापारी आयकर दायरे में नहीं आते थे, लेकिन टीसीएस कटने के बाद रिफंड की प्रक्रिया जटिल होती थी। दर घटने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी और वन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। यह निर्णय तेंदूपत्ता जैसे वन उत्पादों के व्यापार को प्रोत्साहित करेगा और ग्रामीण-आदिवासी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि यह बजट मानवीय और समावेशी बजट का उदाहरण यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार का बजट केवल राजस्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीब, आदिवासी, श्रमिक और वन आश्रित समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की स्पष्ट सोच के साथ तैयार किया गया है। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय तेंदूपत्ता उद्योग से जुड़े लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला सिद्ध होगा।

### विकसित भारत की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए इसे फ्रविकसित भारत के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजटफ्र बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट आम नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने वाला है, जिसमें देश के हर क्षेत्र और हर वर्ग की जरूरतों को धरातल पर जाकर समझते हुए प्रावधान किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए आर्थिक सुधारों की श्रृंखला को यह बजट और मजबूती देता है। योजनाबद्ध तरीके से देश की ताकत और क्षमताओं के अनुरूप अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का जो क्रम शुरू हुआ, उसी का परिणाम है कि वैश्विक महामारी जैसी कठिन चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह बजट उसी मजबूत नींव पर भविष्य की तेज रफ्तार तय करने वाला है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सुधारों का सीधा लाभ आम जनता को मिला है। करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का आवास, आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार, उत्पादन बढ़ाकर निर्यात को प्रोत्साहन—ये सभी प्रयास देश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रहे हैं। आज प्रस्तुत बजट इन सभी पहलों को आगे बढ़ाने वाला है। श्री साव ने स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रावधानों को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया। रांची और तेजपुर के मानसिक चिकित्सालयों को अपग्रेड करने, वहां शोध सुविधाएं विकसित करने तथा मधुमेह, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाईयों की कीमत कम करने के निर्णय को आमजन के हित में बड़ा कदम बताया। इसके साथ ही खादी, ग्रामोद्योग और हैंडलूम को बढ़ावा देकर ग्रामीण और घरेलू स्तर पर काम करने वाले लोगों को सशक्त करने की योजना को रोजगार सृजन की दिशा में प्रभावी बताया।

# दिनेश बने मानस मंडली संघ जिलाध्यक्ष



- जय मां दन्तेश्वरी मानस संघ दक्षिण बस्तर जिला दंतेवाड़ा का हुआ गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 2 फरवरी।** जिला मुख्यालय स्थित पर्णकुटी श्रीराम मंदिर प्रांगण में जिले की रामचरित मानस मंडलियों की बैठक हुई, जिसमें जय मां दंतेश्वरी मानस संघ जिला दंतेवाड़ा के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। मंडली सदस्यों की सर्व सम्मति से ग्राम पेंटा निवासी दिनेश ठाकुर को जय मां दन्तेश्वरी मानस संघ जिला दंतेवाड़ा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावा मोहनसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, सुखमती पोड़ियाम महिला उपाध्यक्ष, रामलाल नाग कोषाध्यक्ष, दिगम्बर ठाकुर सचिव, लिंगराज ठाकुर सह सचिव,

कल्याण सिंह ठाकुर मुख्य संयोजक, सुरेन्द्र ठाकुर व प्रमेन्द्र पटेल महासचिव, ताराचंद साहू, शिवराम कश्यप व योगेन्द्र कुमार वर्मा सह संयोजक चुने गए। मुख्य सलाहकार नरेंद्र कुमार साहू, गोवर्धन दास बैरागी, सत्यनारायण ठाकुर, प्रचार-प्रसार संयोजक शैलेन्द्र ठाकुर मनोनीत किए गए। जिला मानस संघ के संरक्षक विजेन्द्र नाथ जिया, सूरजभानसिंह ठाकुर, सुखराम नाग होंगे। इसके अलावा लुदरु राम कश्यप बारसूर व सोमनाथ बारसा गीदम ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाए गए। इस बैठक में स्थानीय 16 मानस मंडलियों के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने बताया कि आगामी 21 व 22 फरवरी को ग्राम पेंटा में आयोजित हो रहे मानस गान सम्मेलन में नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथग्रहण होगा।

# 300 छात्र वाले केवरामंडा स्कूल में पानी की कमी से मिड-डे मील योजना प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 01 फ़रवरी ।** बस्तर जिले के प्रशासनिक अधिकारी ज़िले के दूरदराज इलाकों में स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर रहे हैं, वहीं शहर के बीचों-बीच स्थित एक सरकारी स्कूल बुनियादी ज़रूरत पानी के लिए जूझ रहा है। केवरामंडा स्कूल, जिसके एक ही कैंपस में प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल और हाई स्कूल हैं, यहां पिछले आठ महीने से ज्यदा समय से पीने के पानी और रोज़ाना इस्तेमाल के पानी की कमी का सामना कर रहा है। इस संस्थान में 300 से ज़्यादा छात्र पढ़ते हैं, फिर भी बताया जाता है कि पूरे कैंपस में सिर्फ़ एक ही पानी का नल काम कर रहा है। पानी की कमी के कारण मिड-डे मील योजना भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि पर्याप्त पानी की आपूर्ति के बिना छात्रों के लिए खाना बनाना मुश्किल हो गया है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 21 मई, 2025 को स्कूल के प्रिंसिपल ने ज़िला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), बस्तर को इस संकट के बारे में बताया, और इस बात पर ज़ोर दिया कि पानी की सुविधा नही होने के कारण छात्रों को अपनी रोज़ाना की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कैंपस से बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वार्ड निवासी मनीष सिसोदिया ने बताया कि इस मुद्दे को शिक्षा विभाग के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन आठ महीने बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस देरी से छात्रों और कर्मचारियों को लगातार परेशानी हो रही है। स्कूल के रिकॉर्ड से यह भी पता चलता है कि पहली सूचना के छह महीने बाद, 4 नवंबर, 2025 को ज़िला शिक्षा अधिकारी ने ज़िला कलेक्टर को पत्र लिखकर स्कूल परिसर में बोरवेल लगाने की सिफ़ारिश की थी। हालांकि, इस सिफ़ारिश पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि हाल ही में स्थानीय वार्ड निवासियों के सहयोग से कैंपस में 500 लीटर का पानी का टैंक लगाया गया है, न कि सरकारी मदद से। कैंपस के बड़े आकार और तीन स्कूलों की मौजूदगी को देखते हुए, यह व्यवस्था नाकाफ़ी है। प्रधान अध्यापक राजकुमार मानिकपुरी ने कहा कि पानी की कमी के कारण छात्रों को कैंपस से बाहर जाना पड़ता है, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा भी प्रभावित होती है। पानी की कमी के कारण मिड-डे मील योजना भी बाधित हुई है, क्योंकि पर्याप्त पानी की आपूर्ति के बिना छात्रों के लिए खाना बनाना मुश्किल हो गया है। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद, केवरामंडा स्कूल में पानी का संकट जारी है।

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर नष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 2 फरवरी।** बस्तर जिला मुख्यालय के गीदम रोड़ स्थित जयश्री इलेक्ट्रॉनिक दुकान में बीती रात अचानक से धुआं निकलना शुरू हो गया। घटना की जानकारी दुकान संचालक व दमकल वाहन को दी गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसाार गीदम रोड स्थित जयश्री इलेक्ट्रॉनिक के संचालक रोजाना की तरह रात लगभग 10 बजे के अपनी दुकान को बंद करके घर चले गये। इसके बाद करीब 12 बजे वहां से गुजर रहे लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं निकलता देख आस-पास के लोगो को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते धुआं बढ़ गया। जब दुकान का शटर खोला गया तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। आसपास के लोगो ने दमकल वाहन को भी बुला लिया था, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद आग को बुझा तो लिया गया, लेकिन दुकान में रखा हुआ सामान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। फिलहाल कितने का नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा तो नही बताया गया है,लेकिन दुकान में रखे लाखो रुपये का सामान जलने की बात कही जा रही है।



# बालाजी धाम में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारे में ग्रहण किया प्रसाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 फरवरी।** श्री बालाजी मंदिर रजत जयंती वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर आज विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

सुबह से देर शाम तक चले महाभंडारे में श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रही। मंदिर परिसर भक्तिभाव, सेवा भावना और अनुशासन के अद्भुत दृश्य का साक्षी बना। इस सफल आयोजन में टेंपल ट्रस्ट, आंध्र समाज एवं मंदिर से जुड़े स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। टेंपल ट्रस्ट ने सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन आपसी सहयोग और श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है।

# बसंत पंचमी पर देवांगन समाज ने देवी मां परमेश्वरी की जयंती मनाई



- देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया

**जगदलपुर 2 फरवरी।** बसंत पंचमी पर देवांगन समाज ने ईष्ट देवी मां परमेश्वरी की जयंती मनाई। मां परमेश्वरी भवन पथरागुड़ा में ईष्टदेवी माँ परमेश्वरी की पूजा आरती कर छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार के साथ रंगोली, ड्राइंग, कुर्सी दौड़, डांस प्रतियोगिता का आयोजन एवं महिलाओं के द्वारा भजन किया गया।

देवांगन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र देवांगन ने बताया कि कल समाज का मां परमेश्वरी की शोभायात्रा सुबह निकलेगा एवं शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विजेताओं पुरुस्कार वितरण एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान के साथ विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन किया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएँ पुरुष एवं बच्चे देवांगन समाज के लोग मौजूद थे ।

### 37 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन में 150 लोग सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 2 फरवरी।** 37 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन समारोह पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर लालबाग जगदलपुर में किया गया। गुड सेमेरिटन (सड़क दुर्घटना के घायलों के मदद करने वाले), सड़क सुरक्षा मितान, सड़क सुरक्षा माह एवं यातायात जागरूकता के दरम्यान अच्छे कार्य करने वाले अधि/कर्मचारी एवं आम जनता , वाहन चालक, ब्लड डोनेटर,इस तरह से कुल करीब 150 लोगों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो के साथ प्रशस्ति पत्र व निःशूल्क हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। समापन दिनांक को स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात से संबंधित संगीत का भी प्रस्तुति दिये। इस तरह से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जो 30 दिवस तक सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों को जागरूक करने के संबंध में महत्वपूर्ण एवं सार्थक प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के अवसर पर सभी अतिथियों ने आम जनता से अपील की है कि लोग दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलावें, ओव्हर स्पीड पर वाहन न चलावें, वाहन चलाते समय ओव्हर टेक न करें, कार चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करें, सड़क दुर्घटना के घायलों को तत्काल मदद करें एवं हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें।



बस्तर पुलिस ने दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात जागरूकता संबंधि जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजन किया है। जो प्रमुख रूप से बाईक हेलमेट रैली, स्कूल कॉलेजों में यातायात जागरूकता, सप्ताहिक हाट बाजार में बैनर पोस्टर के माध्यम से यातायात जागरूकता, आटो, टैक्सी, ट्रैक्टर, बस, टिप्पर, पीकप चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराना, ड्राईविंग लायसेंस बनाने का शिविर, आटो एवं अन्य छोटी वाहनों में पोस्टर, पाम्पलेट चिपकाकर लोगों को यातायात जागरूक करना, यात्री बसों की चेकिंग कर उनकी खामियों को दुर करने हेतु जागरूकता, सड़क सुरक्षा एवं सायबर जागरूकता का झांकी का गणतंत्र परेड में सम्मिलित होना, नुक्कड़ नाटक, आवारा मवेशियों में रेडियम बेल्ट लगाना, वाहनों के दस्तावेजों की जांच एवं चालकों को समझाइश, स्कूल कॉलेजों में प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करना, स्कूली छात्रों के साथ मिलकर यातायात जागरूकता रैली, बस, टैक्सी, आटो, टेक्टर, ट्रक चालक का प्रशिक्षण शिविर, गुड सेमेरिटन का सम्मान, सड़क किनारे के पेड़ पर रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर लगाना, सारथी दिवस पर वाहन चालकों का सम्मान, हृष्ट एवं हृस्ट के कैडेट्स को ट्रैफिक नियम के संबंध में प्रशिक्षण, वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाना आदि कार्यक्रम किया गया है।

सभी अतिथियों के द्वारा भी समापन अवसर पर आम जनता से अपील की है कि लोग सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करें। तथा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम वाहन चलाते समय अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, वाहन चालक,शिक्षक, सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन ,आम जनता के अलावा पुलिस तथा प्रशासन व यातायात के स्टाफ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नपा परिषद ने किया दन्तेश्वरीपारा में आंबेडकर भवन का लोकार्पण



**डोंगरगढ़ 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के वार्ड नं 02 दन्तेश्वरी पारा में नपा परिषद के सदस्यों के द्वारा आंबेडकर भवन का लोकार्पण किया गया। नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दड़गड़ सहित वार्ड पार्षद देवेंद्र साखरे, मीना यादव शालिनी साखरे व वार्डवासियों की गरिमामय उपस्थिति में आंबेडकर मंगल भवन में पूजा अर्चना कर लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद देवेंद्र साखरे व वार्डवासियों ने बहुप्रतीक्षित मांग रखते हुए नपाध्यक्ष रमन डोंगरे से आंबेडकर भवन प्रांगण में अतिरिक्त भवन,बोर व शेड निर्माण को लेकर मांगपत्र सौंपा गया । जिस पर श्री डोंगरे द्वारा कहा गया कि आगामी परिषद की बैठक में विषय को लेकर चर्चा कर इस कार्य के लिए प्रस्ताव कर कार्य को शीघ्र गति देने प्रयास का आश्वासन दिया गया। वहीं लोकार्पण के अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दड़गड़ व श्रीमती ललिता साखरे के जन्मदिन पर भवन में केक काटकर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी गई।

### आत्मनिर्भर भारत का नया अध्यायः केंद्रीय बजट-2026

**डोंगरगढ़ 2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सांसद प्रतिनिधि श्री तरुण हत्थेल जी ने आज पेश किए गए केंद्रीय बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत बनाने वाला और सभी वर्गों को साधने वाला है। श्री हत्थेल ने कहा कि इस बजट में गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, उद्योगपति, कर्मचारी, अधिकारी और विद्यार्थी सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में ऐसी योजनाओं का प्रावधान किया गया है जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है, जिससे किसानों और मजदूरों की आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, शहरों के विकास के लिए भी करोड़ों रुपये की योजनाएं लाई गई हैं। श्री हत्थेल ने कहा कि यह बजट मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है, जो न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है बल्कि भविष्य के भारत की मजबूत नींव भी रखता है। यह बजट देश को विकास के नए आयामों तक ले जाने वाला साबित होगा।

### ग्राम बुढ़ानछापर में नशामुक्ति अभियान चलाया गया



**कलकसा ( डोंगरगढ़)2 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनांचल क्षेत्र बुढ़ानछापर गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत सार्वजनिक महिला पुरुष नवजवान साथियों का बैठक रविवार को किया गया जिसमें नशा मुक्त गांव बनाने पर चर्चा हुई बैठक सभा के बीच में 10 व्यक्ति जो शराब के आदी हो चुके थे । उन्होंने जीवन भर शराब छोड़ने का वचन दिया एवं गांव के नवजवान साथी जिसके उम्र 10वर्ष से अधिक और शादी नही हुआ है ।उसको नशा प्रतिबंधित किया गया है ।एवं गांव में दिन में शराब पीकर बेवजह घुमना मना है। सभा का संचालक थनवार मंडावी व दुर्गेश साहु दोनों ने सभी तथ्यों को ध्यान रखते हुए संचालन किया । अध्यक्षता-अरुण कुमार कंवर ग्राम पटेल, सभापति -रोहित लाल गंगासागर,आशा राम सिन्हा,सोनउ राम कंवर,गनेशुराम सिन्हा,दीना राम मंडावी, ओमप्रकाश सिन्हा, विशेष अतिथि -श्रीमती रेखा नोहर सिन्हा, एवं समस्त बुढ़ानछापर पंचगण गांव परिवार के 300 उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# केंद्रीय बजट किसान, गांव और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींवः उपमुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर, 2 फरवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और विकसित भारत की दिशा में निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा देश की प्राथमिक आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती देता है।श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के हित में बड़ा उर्वरक सब्सिडी का प्रावधान खेती की लागत घटाने वाला बड़ा कदम है। इससे सस्ता खाद-उर्वरक उपलब्ध होगा, उत्पादन लागत कम होगी और किसानों को सीधी राहत मिलेगी। साथ ही कृषि बजट को में समुचित प्रावधान



किए जाने से कृषि अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीकों को गति मिलेगी।

ग्रामीण विकास पर 21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह बजट गांवों के समग्र विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।पंचायतों को दोगुनी सीधी सहायता, और विकसित ग्राम-स्वावलंबी ग्राम की परिकल्पना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। लखपति दीदी और स॥श्व-मार्ट जैसी पहलों से स्वयं सहायता समूहों की बहनें आजीविका से आगे बढ़कर उद्यमी बनेंगी।

उन्होंने कहा कि आज पेश केंद्रीय बजट 2026 यह स्पष्ट करता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश को मजबूत फैसलों और ठोस परिणामों के साथ आगे ले जा रही है। यह बजट तुष्टिकरण नहीं, बल्कि विकास और राष्ट्रनिर्माण की राजनीति का दस्तावेज है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग और युवाओं सभी वर्गों के लिए किए गए प्रावधान दर्शाते हैं कि सरकार की सोच वोट बैंक की नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की है। विपक्षी दलों ने सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया जाता है जबकि सरकार ने केंद्रीय बजट में मनरेगा के लिए अधिक राशि का प्रावधान कर अपनी मंशा को स्पष्ट कर दिया है कि सरकार देश की जनता के लिए मनरेगा को सशक्त एवं वीबी जी राम जी के द्वारा अधिक प्रभावी बनाने के लिए संकल्पित हैं। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विश्वास जताया कि बुनियादी ढांचे, रोजगार, शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत पर मजबूत निवेश के साथ यह बजट अगले 25 वर्षों के सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत की नींव को और मजबूत करेगा तथा देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की दिशा में निर्णायक सिद्ध होगा।

### राजिम कुंभ कल्प मेला का भव्य शुभारंभ, राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

# राजिम छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीकः राज्यपाल डेका

**रायपुर, 2 फरवरी।**राजिम कुंभ कल्प मेला का भव्य शुभारंभ, राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिलराजिम कुंभ कल्प मेला का भव्य शुभारंभ, राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिलराजिम कुंभ कल्प मेला का भव्य शुभारंभ, राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल त्रिवेणी संगम राजिम के पावन तट पर राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल श्री डेका, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहित अतिथियों एवं संत-महात्माओं ने भगवान श्री राजीवलोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि राजिम की यह पावन भूमि, जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का संगम होता है, अत्यंत पुण्य और ऐतिहासिक महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर आयोजित मेला, जिसे श्रद्धालु 'कल्प कुंभ' के नाम से जानते हैं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर का प्रतीक है।



राज्यपाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प के अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का अनुभव हो रहा है। मुझे छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी राजिम के कुंभ मेला में आकर अत्यंत शांति महसूस होती है। धर्म, आस्था और संस्कृति के इस संगम राजिम कुंभ मेले में देश के विभिन्न प्रांतों से आए साधु-संतों, श्रद्धालुजनों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं। मैं कुलेश्वर महादेव तथा राजीव लोचन भगवान, राजिम भक्ति माता से प्रार्थना करता हूं कि हमारे देश और प्रदेश पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें जिससे यहां हमेशा सुख-शांति और खुशहाली कायम रहे।

राज्यपाल ने आगे कहा कि राजिम माघी पुन्नी मेला छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीक है। यह एक ऐसा पावन आयोजन है जिसमें छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ-साथ देश भर के विभिन्न भागों से भी श्रद्धालुओं का आगमन होता है। राजिम प्राचीन समय से ही शैव और वैष्णव धर्म के केंद्र के रूप में विख्यात एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां राजीवलोचन मंदिर में भगवान विष्णु चतुर्भुज स्वरूप में विराजमान है। यहां भगवान शिव कुलेश्वर महादेव के रूप में विराजमान हैं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि कुलेश्वरनाथ महादेव, पटेश्वर नाथमहादेव, चंपेश्वर नाथ महादेव, ब्रम्हकेश्वर नाथ, फ्णीकेश्वर नाथ महादेव, करपूरेश्वर महादेव की पंचकोशी यात्रा विश्व प्रसिद्ध है। प्राचीन मंदिरों की बहुलता राजिम को पुरातात्विक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता प्रदान करती हैं। इन मंदिरों में मूर्ति कला के गौरवशाली इतिहास के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा किशास्त्रों में माघ के माह पुण्य माह माना गया है। माघ माह के इस पावन अवधि में सदियों से ही पवित्र नदियों एवं त्रिवेणी संगमों में पुण्य स्नान की परंपरा रही है। इस माह छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में मेले का आयोजन की प्राचीन परंपरा रही है। मेलों का विशेष सामाजिक और सामुदायिक महत्व है। इनमें विभिन्न संस्कृतियों का मिलन होता है। इनके माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिलता है। श्री डेका ने कहा कि भारत साधु संतों की भूमि रही है। कहा जाता है जब किसी स्थान पर साधु संतों के चरण पड़ते हैं तो वह स्थान पवित्र हो जाता है।

# राडा ऑटो एक्सपो में संडे को उमड़ पड़ी भीड़, बिक्री का आंकड़ा 25 हजार पार

**रायपुर 2 फरवरी।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में चल रहे राडा ऑटो एक्सपो में संडे को भीड़ उमड़ पड़ी। हर स्टॉल पर पहुंचे लोग वाहनों की पूछताछ और बुकिंग करते रहे। 13 दिनों में 25 हजार 200 वाहनों की बिक्री हो गई है। रविवार को एक्सपो में फैशन शो, लावणी नृत्य और डांस की धूम रही। रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट के साथ वाहन खरीदने का सुनहरा अवसर अब सिर्फ चार दिन है। रविवार को एक्सपो में दो वाहनों की लान्चिंग हुई।

रविवार छुट्टी के दिन लोग सुबह से ही परिवार के साथ में राडा ऑटो एक्सपो पहुंचे। वे अलग-अलग में पहुंचकर वाहनों को देखते रहे। बाइक और कारों के फीचर्स और रेट की जानकारी लेने के बाद कई लोगों ने मौके पर ही बुकिंग कराई।

राडा पदाधिकारियों ने बताया कि एक्सपो में देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों के नवीनतम मॉडल, लक्जरी गाड़ियां और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की एक श्रृंखला यहां प्रदर्शित की गई है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन विवेक



गर्ग ने बताया कि एक्सपो में 100 ब्रांड्स के 300 से ज्यादा स्टॉल लगे हैं।

राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन और उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी का कहना है कि ग्राहक राडा ऑटो एक्सपो में छूट का लाभ लेने से ना चूके। 5 फरवरी तक ही छत्तीसगढ़ शासन की ओर से रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। ऑटो एक्सपो में हर दिन खरीदी का रिकॉर्ड बनते जा रहा है।

एक्सपो स्थल पर अस्थायी आरटीओ कार्यालय बनाया गया है। आरटीओ के अधिकारियों के साथ में उनकी टीम मौजूद रहती है और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद मौके पर ही वाहनों का पंजीयन करती है। वाहन एचएसआरपी प्लेट लगकर निकल रहे हैं। राडा पदाधिकारियों ने बताया कि एचएसआरपी लगाने के लिए ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

एक्सपो में संडे को ग्राहकों के एंटरटेनमेंट के लिए कई आयोजन हुए। महाराष्ट्र से आए कलाकारों ने लावणी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। परंपरागत वेशभूषा के साथ नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। वहीं रैम्प पर फैशन का जलवा बिखरा।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम टेड़ेसरा के प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम टेड़ेसरा स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (पीडब्ल्यूएम) यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यूनिट के संचालन व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति का गहन अवलोकन किया तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के प्रभावी एवं सतत संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (पीडब्ल्यूएम) के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों के एसएलआरएम शेड से प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण तत्काल प्रारंभ करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए



प्लास्टिक कचरे का समयबद्ध संग्रहण, पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण अनिवार्य है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगांव के ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम कुटुलबोड़-भाठागांव का दौरा किया। ग्राम कुटुलबोड़-भाठागांव में शत-प्रतिशत यूजर चार्ज संग्रहण के लिए पंचायत के सरपंच, सचिव, स्वच्छग्राहियों एवं ग्रामवासियों की सराहना की और सभी को बधाई दी। सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को पूर्ण क्षमता से संचालित करने कहा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव, ब्लॉक समन्वयक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कोसा उत्पादन केन्द्र तोरना का निरीक्षण किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 2 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम तोरना में शनिवार को कोसा उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया। मैदानी अधिकारी ने कलेक्टर को जानकारी दी कि यहां 19 किसान रेशम को कोसा उत्पादन कर रहे हैं। कोकून उत्पादन लगातार 3 वर्ष तक अलग-अलग चरण में निश्चित समय में कोकून परिपक्व होने पर उसे तोड़ा जाता है और धागाकरण के लिए कोकून भेजा जाता है। कलेक्टर ने किसानों और रेशम विभाग के अधिकारी से मिट्टी की किस्म, इसमें अधिक उपजाउ होने वाले कंद मूल की जानकारी लेकर उन्हें पौधों के बीच बचे भूमि में कंद मूल जैसे जिमीकंद, हल्दी, कोचई, अदरक आदि उत्पादन करने के सुझाव दिए।

# कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला क्षेत्र के 3 छात्रावासों का किया निरीक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,2 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने शनिवार को बरमकेला में संचालित प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास और कन्या छात्रावास तथा आदर्श प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास लेन्धरा का निरीक्षण किया। लेंधरा में कलेक्टर के निरीक्षण के समय बालिकाएं दोपहर का सामूहिक खाना खा रही थीं। कलेक्टर ने रसोई कक्ष, शयन कक्ष और परिसर का अवलोकन किया। साथ ही परिसर में मेथी, धनिया, लालभाजी और प्याज की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने बरमकेला क्षेत्र में आदिवासी विकास विभाग के अधीक्षक गिरवर नायक को एक तरफका बाउंड्रीवाल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परिसर में सब्जी भाजी के लिए पर्याप्त मात्रा में जमीन है, इसका उपयोग सेमी, तोरई, करेला, बैगन, टमाटर आदि का कृषि और उद्यानिकी विभाग के ड्रिप स्प्रींकलर पद्धति से खेती कर सब्जी भाजी का उपयोग छात्रावास सहित सरकारी स्कूलों में करने का मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ संजय कन्नोजे ने शाम को बरमकेला के आदिवासी बालक और कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। डॉ कन्नौजे ने दोनों छात्रावास के रसोई, भंडार कक्ष, परिसर का जायजा लिया। साथ ही वहां उन्होंने बालक-बालिकाओं से उनके नाम, कैरियर, लक्ष्य, दिनचर्या, पढ़ाई, बोर्ड परीक्षा की तैयारी, कैरियर की तैयारी के लिए उसके अनुसार बारहवीं में विषय चयन और प्रवेश परीक्षा की तैयारी, कमरे और परिसर में प्रकाश व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा किया। इस दौरान कलेक्टर ने अम्ल और क्षार में अंतर का प्रश्न किया, जिसका 3 बालिकाओं ने जवाब दिए। डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तन-मन योजना के तहत जांच के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने पूछा कि कठिन विषयों के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था की गई है।

# वेटलैण्ड संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान पर केंद्रित होंगे विविध कार्यक्रम

**रायपुर, 2 फरवरी।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 02 फरवरी 2026 को विश्व वेटलैण्ड दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम ''वेटलैंड्स एंड ट्रेडिशनल नालेज-सेलेब्रेटिंक कल्चर हेरिटेज'' (वेटलैण्ड्स और पारंपरिक ज्ञान- सांस्कृतिक विरासत का उत्सव) निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्देश्य वेटलैण्ड्स और उनसे जुड़े स्थानीय समुदायों की सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व को उजागर करना है। छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण, राज्य में आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) के संरक्षण, प्रबंधन और संवर्धन के लिए जिम्मेदार एक प्रमुख सरकारी निकाय है। इसने राज्य के 44 प्रमुख वेटलैंड्स को अधिसूचित किया है और बिलासपुर के कोपरा जलाशय को राज्य का पहला रामसर साइट घोषित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्राधिकरण छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 के तहत वर्ष 2030 तक 20 वेटलैंड्स को रामसर दर्जा दिलाने का लक्ष्य रख रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी वनमंडलों में उत्साहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के अंतर्गत बर्ड वॉक, स्कूली विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता, तथा स्टेकहोल्डर्स, स्थानीय गणमान्य नागरिकों, वेटलैण्ड क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं एवं वेटलैण्ड मित्रों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

प्राधिकरण द्वारा राज्य में वेटलैण्ड के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले 11,096 वेटलैण्ड्स का ग्राउंड ट्रुथिंग एवं सीमा निर्धारण (बाउंड्री डिमार्केशन) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस उपलब्धि के साथ छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। इसके साथ ही 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले वेटलैण्ड्स के चिन्हांकन एवं संरक्षण के उपाय भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वेटलैण्ड प्राधिकरण के प्रयासों से जिला बिलासपुर स्थित कोपरा जलाशय को 12 दिसंबर 2025 को रामसर सचिवालय, स्विट्जरलैंड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का पहला तथा देश का 96 वां रामसर स्थल घोषित किया गया है।

# सतत् विकास के लिए प्रकृति के साथ संतुलन आवश्यक : डेका

**रायपुर, 2 फरवरी।** पेट्रोलियम उत्पादों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों के सहयोग से संरक्षण क्षमता महोत्सव 'सक्षम 2025-26' का आयोजन 1 से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन आज स्थानीय सर्किट हाउस में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने किया।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि सक्षम एक अत्यंत महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम है, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ मानव को ऊर्जा के अनेक साधन प्राप्त हुए हैं, लेकिन इनके अत्यधिक उपयोग से प्रकृति और भावी पीढ़ियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त दोहन से नुकसान होता है, इसलिए सतत विकास के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। स्वच्छ हवा और स्वच्छ



पानी हमारे मूलभूत अधिकार हैं। नदियों और पेड़ों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में सुरक्षित रखना चाहिए।राज्यपाल ने कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग और माइक्रो-प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि माइक्रो-प्लास्टिक का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है और यह अब गौ माता के दूध में भी पाया जा रहा है। प्रकृति को सबसे अधिक नुकसान मनुष्य स्वयं पहुंचा रहा है, इसलिए शिक्षा और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

श्री डेका ने कहा कि जागरूकता केवल बोलने से नहीं आती, बल्कि इसे हमारी दिनचर्या और आदतों का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने बिजली के दुरुपयोग को रोकने और हर स्तर पर ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेट्रोल और डीजल के सीमित होने पर हमें ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इसके लिए ग्रीन एनर्जी और सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। अत्यधिक पेट्रोल ,डीजल उपयोग से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है, इसलिए संतुलन बनाना जरूरी है।राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान करते हुए जल संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। बड़े किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण करना चाहिए, जिससे सामूहिक लाभ हो सके। साथ ही पुराने तालाबों और डबरियों के पुनर्जीवन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है और समाज के प्रति हमारा भी दायित्व बनता है।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन श्री नितिन चव्हाण राज्य स्तरीय समन्वयक एवं मंडल प्रमुख इंडियन ऑयल द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन हिंदुस्तान पैट्रोलियम के श्री नितिन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल, भारत पैट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम तथा गेल के वरिष्ठ अधिकारी गण, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा नागरिक गण उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग)**

**रा.प्र.क्र./.......बी-121/सन.20......**

**साकिन राजापारा प.ह.नं. नजूल**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश बेसरा पिता स्व. भागबली बेसरा जाति गांड़ा निवासी ग्राम राजापारा कांकेर तहसील कांकेर, जिला-उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके पिता स्व. भागबली बेसरा पिता स्व. मिलनदास जाति गांड़ा ग्राम राजापारा कांकेर का मृत्यु दिनांक 19/03/2001 पंजीयन कराने बाबत् शपथ पत्र जच्चा-बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदक श्री जगदीश बेसरा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 16/02/26 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**कांकेर,**
**जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः**

**202601095000011**

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**

**दमअदहरा प.ह.न. 00005 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- भागबली गोंड,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भागबली गोंड पिता स्व. ईतवारी राम गोड जाति गोंड, निवासी ग्राम दमउदहरा तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक अपने पिता स्व. ईतवारी राम गोंड पिता दौवा गोंड जाति गोंड का मृत्यु दिनांक 23.06.2009 को स्थान दमउदहरा में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत कोटनापानी में संधारित मृत्यु पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक अपने पिता स्व. ईतवारी राम गोंड पिता दौवा गोंड जाति गोंड की मृत्यु तिथि ग्राम ग्राम पंचायत कोटनापानी में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत कोटनापानी में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06.02.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लाल बहादुर नगर**

**एक नजर**

## छत्तीसगढ़ी फिल्म द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव महाशिवरात्रि पर प्रदर्शित होगी



**रायपुर, 2 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर डीसी फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव 13 फरवरी से प्रदेश के नजदीकी सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। इस फिल्म की खासियत यह है की इस फिल्म के माध्यम से देशभर में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन होंगे। फिल्म रायपुर के श्याम टॉकीज सहित छत्तीसगढ़ के समस्त सिनेमाघर एवं मल्टीप्लेक्स में भी इसे रिलीज किया जा रहा है। डीसी फिल्म प्रोडक्शन हाउस से व फिल्म के निर्माता निर्देशक श्रवण कुमार राठौर ने बताया कि वह स्वयं शिव भक्त हैं और शिव भक्तों के लिए उन्होंने एक ऐसी फिल्म का निर्माण किया है।

## यूजीसी के नये नियम पर रोक लगाने का स्वागत

**रायपुर, 2 फरवरी।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नये नियम पर रोक लगाने का स्वागत किया है. भेदभाव, वर्ग संघर्ष, व पढ़ाई में बाधक जैसे कार्यों को बढ़ावा देने वाले यूजीसी के काले कानून को पूरी तरह से रद्द करने की मांग की. मिश्रा ने बताया की महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय में इस कानून के लागू होने से शैक्षणिक विविधता तथा वर्ग संघर्ष बढ़ेगा. महाविद्यालय परिसर अशांत हो जाएगा. झूठी शिकायतें होने लगेगी. सवर्ण छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण इस कानून से देश के भविष्य के निर्माता युवा वर्ग राष्ट्र के मुख्य धारा से अलग हो जाएंगे, जिसका दूरगामी परिणाम देश हित के पूर्णतः प्रतिकूल होगा. छात्र जातीय दंगा फसाद में उलझ कर रह जाएंगे. जल्दबाजी में लागू किए गए इस कानून को रद्द होना चाहिए.सुप्रीम कोर्ट ने कानून पर रोक अवश्य लगाई है किंतु पूरी तरह से यह कानून रद्द होना चाहिए. राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का वक्तव्य भी स्पष्ट नहीं है.कानून के समाप्त होने तक संघर्ष जारी रहेगा.

## मदकूद्वीप में मसीही मेला प्रारंभ

**रायपुर, 2 फरवरी।** मसीही मदकुद्वीप मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया। यह मेला 8 फरवरी रविवार तक चलेगा। मेले में प्रसिद्ध उपदेशकों सरमन देंगे। मेले में गीत संगीत, वाद विवाद प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। मेले का प्रतिदिन का मिनट टू मिनट कार्यक्रम मेला कमेटी ने जारी कर दिया है। रोज प्रातः प्रभात फेरी भी निकलेगी। 117 साल से हो रहे इस मेले को सफल बनाने कमेटियों का गठन कर दायित्व सौंपा गया है। रविवार को समापन के पूर्व प्रभु भोज का आत्मिक संस्कार होगा। मेले में भक्तजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने कमेटी जुटी है। प्रथम तीन दिवस पास्टरों की रिट्रीट होगी। मेले में जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**निधन**

### जहुरा देवी यदु



**रायपुर, 2 फरवरी।** सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर निवासी स्वर्गीय कार्तिक राम यदु (कुकेरा वाले) की धर्मपत्नी जहुरा देवी यदु उम्र 92 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका आज मरवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। वे दसरू यदु, रामदयाल यदु, लता रमेश यदु (पूर्व पार्षद), गोपाल प्रसाद यदु की माता व संजु यदु, भारत भूषण यदु, आकाश यदु, अजीत यदु, सुधांशु यदु, शुभम यदु की दादी थीं।

# सरकार ने षडयंत्रपूर्वक लक्ष्य से कम धान खरीदा : कांग्रेस

## अभियान चलाकर 15 दिन और धान खरीदी की जाए

**रायपुर, 2 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बंद कर दिया है। लेकिन अभी भी प्रदेश के लाखों किसान अपना धान नहीं बेच पाये है। इस साल सरकार ने मात्र 53 दिन ही धान खरीदा। अंतिम तिथि भी 31 जनवरी थी, लेकिन अंतिम 2 दिन शनिवार और रविवार होने के कारण खरीदी नहीं हुई। पूर्व में घोषित 75 दिन भी पूरी खरीदी नहीं किया गया। इस वर्ष सरकार के द्वारा घोषित लक्ष्य 165 लाख मीट्रिक टन था, लेकिन सरकार ने मात्र 139 लाख 85 हजार मीट्रिक टन ही धान खरीदी किया गया। लक्ष्य से 25 लाख मीट्रिक टन कम धान खरीदी किया गया। पिछले साल सरकार ने 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा था, इस वर्ष पिछले साल के मुकाबले 9 लाख 15 हजार मीट्रिक टन कम की खरीदी की गयी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कुल 27 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था, जिसमें से 2.5 लाख किसान अपना धान नहीं बेच पाये। लगभग 5 लाख किसानो का एग्रीस्टेक पोर्टल की परेशानी के कारण पंजीयन नहीं हुआ। किसानों को धान बेचने से रोकने बिना सहमति जबरिया रकबा सरेंडर करवा दिया गया। पूर्व से जारी टोकन को निरस्त करवाया गया। हजारो किसान सरकार के इस षडयंत्र का शिकार हुये। धान का टोकन नहीं मिलने, धान की खरीदी नहीं होने के कारण प्रदेश के महासमुंद, कवर्धा, कोरबा, जैसे स्थानों पर अनेको किसानों ने आत्महत्या का प्रयास किया। एक ने आत्महत्या भी किया। यह बताता है कि प्रदेश में धान खरीदी के कारण किसान परेशान हुये। सिर्फ नारायणपुर, बलरामपुर, बस्तर में पिछले साल के लगभग बराबर धान की खरीदी हुई, शेष सभी जिलों में 5 प्रतिशत से लेकर 32 प्रतिशत तक कम खरीदी सरकार ने किया।



### बजट में छग ठगा गया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कल मोदी सरकार का जो बजट प्रस्तुत हुआ। उसमें एक बार फिर छत्तीसगढ़ का उल्लेख सिर्फ एक जगह है। विशेष कारीडोर में वह भी छत्तीसगढ़ की जनता के लिये नहीं छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा का दोहन उद्योगपति मित्र आसानी से कर सके। इसलिये राज्य के विकास के लिये बस्तर, सरगुजा क विकास के लिये बजट में कुछ नहीं है।

### एपस्टीन पर भाजपा चुप क्यों

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एपस्टीन फाइल के बारे में मोदी और भाजपा चुप क्यों है इस मामले में प्रधानमंत्री और भाजपा को स्पष्टीकरण देना चाहिये की एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम से देश की छवि धूमिल हो रही है। पत्रकार वार्ता में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अशोक राज आहूजा, अमरजीत चावला, प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह, अजय गंगवानी उपस्थित थे।

### गरियाबंद की घटना बिगड़ती कानून व्यवस्था का परिणाम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गरियाबंद से बेहद ही दुर्भाग्यजनक खबर आ रही है, वहां के दुतकैया गांव में एक समुदाय के घरों को जला दिया गया। वहां पर एक अपराधी के द्वारा फैलाए जा रहे आतंक के कारण यह घटना घटी। यह घटना पुलिस और सरकार की लापरवाही का परिणाम है। पुलिस सचेत होती अराजक तत्व पर कार्यवाही करती तो शायद यह घटना नहीं होती। मै दोनों पक्षों से शांति की अपील करता हूं तथा घटना की न्यायिक जांच की मांग करता हूं। इसके पहले बलौदाबाजार, कवर्धा, बलरामपुर के बाद गरियाबंद में जनता ने कानून हाथ में लिया है। इससे साफ है लोगों का सरकार और उसके कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है।

**PICTURE-स्टोरी**



रायपुर, 2 फरवरी। सड़क सुरक्षा माह में यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने पर स्काउट एंड गाइड के कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया।

## मनरेगा बचाओ संग्रामः ब्लॉक समन्वयकों की नियुक्ति

**रायपुर, 2 फवरी।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने, उसके मूल स्वरूप को बदलने और ग्रामीण मजदूरों के काम के अधिकार को छीनने के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम-गांव चलो अभियान को छत्तीसगढ़ के रायपुर ग्रामीण जिले में तेज करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने विभिन्न ब्लॉकों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति की है। यह अभियान ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब परिवारों के हक की रक्षा के लिए गांव-गांव पहुंच रहा है। अभियान के तहत पंचायत स्तर पर जनसंपर्क, चौपालें, जागरूकता कार्यक्रम और मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों की बहाली की मांग को मजबूत किया जाएगा।

नियुक्त ब्लॉक समन्वयक निम्नलिखित हैंः धरसीवा ब्लॉक - हरिशंकर निषाद जयंत साहू खरोरा - खूबी डहरिया (या संबंधित ब्लॉक) तिल्दा ब्लॉक - रतन चंद निषाद एवं रजत कश्यप आरंग ब्लॉक - हीरामन साहू चंदखुरी - नेहरू डांडे एवं सौरभ चंद्राकर अभनपुर ब्लॉक - ब्रह्मानंद ठाकुर नयापारा ग्रामीण - राजू शर्मा ये समन्वयक अपने-अपने ब्लॉकों में अभियान को संगठित रूप से आगे बढ़ाएंगे, ग्राम सभाओं में चर्चा करेंगे, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों से संवाद करेंगे और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में किए जा रहे बदलावों के खिलाफ जनमत तैयार करेंगे।

## रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक

## संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर

**रायपुर, 2 फरवरी।** रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक आज ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों के साथ पुराना कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आयोजित की गई। बैठक को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं मनरेगा बचाओ समिति के सदस्य अमरजीत चावला ने संबोधित किया। चावला प्रदेश स्तरीय समिति के भी सदस्य हैं।

अपने संबोधन में अमरजीत चावला ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पार्टी को निर्णायक मजबूती तभी मिल सकती है जब कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से कार्य करें। बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है, जिससे आने वाले समय में सकारात्मक और निर्णायक परिणाम अवश्य प्राप्त होंगे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं की हौसला अफ्जाई की गई। मौजूद सभी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और संगठनात्मक गतिविधियों को और तेज करने का संकल्प लिया गया।

अमरजीत चावला ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए किः पहली बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से कारण पूछा जाएगा। यदि कोई पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव पहुंचकर श्रमिकों से संपर्क करना है। जहां मनरेगा का काम चल रहा है, वहां जाएं और जहां नहीं चल रहा, वहां भी जाकर मुद्दे उठाएं। बैठक समाप्ति के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मिलवाया गया। दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम जमीनी स्तर पर जाएंगे और कांग्रेस के रीति-नीति एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

# माता-पिता रहें तनावरहित व बढ़ाएं बच्चों का मनोबल : शाह

**परीक्षा की तैयारी में अभिभावकों की भूमिका पर संवाद**



बोर्ड परीक्षाओं का विद्यार्थियों के मन में एक अनचाहा तनाव और दबाव रहता ही है, ऐसे में अभिभावकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी पर एक संवाद छत्रपति शिवाजी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए रखा गया जिसमें स्कूल संचालक मुकेश शाह ने उन्हें परीक्षा की तैयारी में बच्चों को सपोर्ट करने अनेक महत्वपूर्ण तरीके बताए। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को खुद में विश्वास करना सिखाएं न कि स्वयं तनावग्रस्त रहें। आपको तनाव में देखकर बच्चे भी दबाव में आ जाएंगे और इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। परीक्षा के तनाव को दुर करने की शुरूआत घर से होनी चाहिए। माता पिता निम्न बातों का ध्यान रखें।

तनाव मुक्त रहें- परीक्षा को लेकर अभिभावक स्वयं तनाव में रहेंगे तो यह उनके बच्चों में भी ट्रांसफर होता है। और उसका प्रभाव उनके परीक्षा की तैयारी में भी होता है, अतः अभिभावक तनाव मुक्त रहें। पैरेण्टस के चेहरे की मुस्कान विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने का और उनके परीक्षा का बहुत बड़ा संबल होता है। पूर्व के परिणामों को ना याद दिलाएं- आपके बच्चे की पिछली किसी परीक्षा के कम अंकों को लेकर उसको नकारात्मक ना बोलें, उलाहना ना दें। इससे उसका मनोबल कम होता है और उसके अंदर हीन भावना आने लगती है। सिर्फ एक परीक्षा ही जिंदगी नहीं परीक्षा परिणाम के निराशाजनक होने की आशंका के चलते पहले ही टेंशन और डिप्रेशन के शिकार होने लगते हैं। अभिभावक उन्हें यह बताएं कि केवल एक परीक्षा का परिणाम उस कक्षा में सफलता-असफलता का पैमाना हो सकता है, जिंदगी का नहीं। नकारात्मक प्रतिकिया न दें- परीक्षा की तैयारी के दौरान बच्चे उलझन व तनाव में रहते हैं अतः ऐसे समय में यदि बच्चे अपने पैरेण्ट्स से कुछ कहते हैं तो उनकी बात को ध्यान से सुनें ओर नकारात्मक प्रतिकिया ना दें। वाक्य बच्चों को और ज्यादा तनावग्रस्त करते हैं। सकारात्मक और प्रोत्साहित करने वाली बातें बच्चों में पनप रही हीन भावना को दुर करती है।अपेक्षा- पैरेन्ट्स की अपेक्षा के चलते बच्चे कई बार अत्यधिक दबाव महसूस करते हैं और वे सोचने लगते हैं।

**पुरस्कार वितरण**



**रायपुर, 2 फरवरी।** मूनलाईट शिक्षण समिति शंकर नगर द्वारा संचालित भारतीयम हायर सेकंडरी स्कूल एवं मूनलाईट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

## अचल संपत्ति पंजीयन विसंगतियों पर सरकार ने मानी मांगें

**रायपुर, 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के व्यापारिक हितों की रक्षा और आम जनता को राहत दिलाने की दिशा में 'छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। चेम्बर द्वारा अचल संपत्तियों की पंजीयन दरों और नई गाइडलाइन की विसंगतियों को लेकर उठाए गए मुद्दों पर राज्य सरकार ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए बड़ी राहत दी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से सौजन्य भेंट की और प्रदेश के व्यापारियों, किसानों एवं आम जनता की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं चेम्बर सलाहकार अमरजीत सिंह छाबड़ा, चेम्बर सलाहकार अमर गिदवानी, वाईस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रकाश लालवानी, अमरदास खट्टर, राज कुमार तारवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 11 दिव्यांगों को जयपुर पैर वितरण




**रायपुर, 2 फरवरी।** श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा संचालित विनय विद्या मंदिर के 150 छात्र छात्राओं को दैनिक उपयोगी गणवेश, बेल्ट व जूते का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विनय मित्र मण्डल के संस्थापक महेन्द्र कोचर पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने गणवेश वितरण किया। संस्थापक महेन्द्र कोचर ने कहा कि ज्ञानदान जीवन का सर्वोच्च कार्य है। शिक्षा जीवन निर्माण का आधार होती है। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, अच्छी यूनिफॉर्म मिले यह हम सबका दायित्व है। विनय मित्र मण्डल बच्चों की मदद में सदैव अग्रणी भूमिका में रहता है। विनय मित्र मण्डल के पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद के मार्गदर्शन में विगत 30 वर्षों से विनय विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस अवसर पर प्रधान पाठिका लीला धनकर, शिक्षिकाएं परमशिला सिंग, हेमलता यादव, शीतल प्रजापति एवं आशा यदु उपस्थित थी। खेमराज बैद ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में 11 दिव्यांगों को जयपुर पैर का वितरण किया गया।

**प्रतिक्रिया** केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के विकास को मिला बूस्टर, विपक्ष ने बताया महंगाई बढ़ाने वाला निराशाजनक और दिशाहीन बजट

# बजट विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम




**रायपुर, 2 फरवरी।** सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा केंद्रीय बजट 2026 गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।



बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस जनकल्याणकारी बजट के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## खादी, हाथ करघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा : बजाज



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026 27 के लिए संसद में प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह समन्वित विकास और राष्ट्र कल्याण के संकल्प का समुचित दस्तावेज है, जो देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। बजाज ने कहा कि इस ऐतिहासिक बजट में कृषि के क्षेत्र में एआई तकनीक से किसी उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन मत्स्य पालन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है।

## चेम्बर ने टेक्सटाइल निवेश को सराहा



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश की आर्थिक प्रगति, उद्यमशीलता और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया गया है, यह कदम देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति देने में सहायक होगा। टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधनों का आवंटन तथा प्राइवेट डेवलपर्स के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड जैसी पहलें निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होंगी। थौरानी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को वित्तीय और पेशेवर समर्थन देने के लिए सेल्फ-रिलायंट इंडिया फंड, ट्रांजेक्शन सैटलमेंट प्रोग्राम और क्रेडिट गारंटी सपोर्ट मैकेनिज्म जैसे उपाय छोटे और मध्यम उद्यमों की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होंगे।

## ऐतिहासिक बजट : सलीम राज



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने सराहनीय बताते हुए इसे विकसित भारत का बजट कहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार यह बजट देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। डॉ. राज ने कहा कि इस बजट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का बजट बढ़ाकर 3400 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्शाता है।

# कैट ने किया बजट का स्वागत




देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 - विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है।

## महंगाई बढ़ाने वाला : कन्हैया

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने आज संसद में पेश किए गए आम बजट 2026-27 को पूरी तरह से निराशाजनक और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल निम्न मध्यमवर्गीय और मध्यमवर्गीय परिवारों की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है, बल्कि महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए इसमें किसी ठोस योजना का कोई उल्लेख तक नहीं है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कन्हैया अग्रवाल ने बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को टैक्स स्लैब या अन्य रियायतों के मामले में कोई वास्तविक राहत नहीं दी गई है। वेतनभोगी वर्ग आज भी भारी भरकम टैक्स और घटती बचत से जूझ रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26